हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री



12 ग्रामीणों को अब 100 नहीं 125 दिन का मिलेगा रोजगार





13 बच्चों की सेहत परखने के लिए गांव-गांव में हुआ वजन त्योहार, माताओं को दिए टिप्स











## खबर संक्षेप

### मसीह धर्म अपनाने दबाव, एक गिरफ्तार



**भिलाई।** जबरन दवाब बनाकर मसीह समाज को अपनाने का दबाव बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मकान क्रमांक 435/6, आशीष नगर पश्चिम, रिसाली निवासी सरोज वर्मा ने शिकायत किया है कि उसका बेटा होशांग वर्मा उसे मसीह धर्म को अपनाने निरंतर दबाव बना रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। घर के धार्मिक मूर्तियों को हटाकर उसे फेंक दिया पूजा करने पर बाधा उत्पनन्न करता है। शिकायत के बाद नेवई पुलिस ने युवक को पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 298, 299 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र अधिनियम 1968 की धारा 3, 4 के तहत अपराध कायम किया है। पुलिस ने दस्तावेज और साक्ष्य भी बरामद किया है। दुर्ग पुलिस की अपील है कि आम नागरिक किसी भी प्रकार के धार्मिक दबाव, धमकी या कानून के खिलाफ गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी दें।

### पुलिस चेकिंग में गांजा जब्त, महिला गिरफ्तार



**भिलाई।** पुलिस चेकिंग के दौरान गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, बाहरी संदिग्ध को जांच के लिए कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। थाना मोहन नगर क्षेत्र उरला, भिलाई नगर अनुविभाग के थाना सुपेला क्षेत्र नेहरू भवन, संजय नगर, कुम्हारपारा, भीमनगर, शिवपारा, लक्ष्मी नगर, फरीद नगर, छावनी अनुविभाग के थाना छावनी क्षेत्र कैची मोहल्ला, कसाई मोहल्ला, चन्द्रशेखर आजाद मोहल्ला, सुभाष नगर, सुन्दर नगर, प्रगति नगर में एक साथ चला। थाना छावनी क्षेत्र के प्रगति नगर में सूचना प्राप्त होने पर प्रगति नगर कैम्प 1 निवासी एस. नीला द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचने के आरोप में उसे पकड़ा गया। उसके पास से 2.10 किलोग्राम गांजा व नगदी 5 हजार रुपए जब्त किया है। इसके अलावा सुपेला क्षेत्र में वारंट के तहत आकाश साहू, बबलू शाह,कमलजीत सिंह को गिरफ्तार कर वारंट तामील कराया गया।

### 56 हजार का भुगतान पंचायत सचिव निलंबित

**दुर्ग।** अंजोरा ख में 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत कार्य में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन पंचायत सचिव ताम्लेश्वरी देवांगन को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत संसाधन केन्द्र अंजोरा में पेवर ब्लॉक लगाए जाने के लिए स्वीकृत राशि में से कार्य प्रारंभ किए बिना ही एके टाईल्स को 56 हजार का भुगतान कर दिया गया। मामले की जांच में इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम 3 का उल्लंघन पाया गया।

### 15 केंद्रों में 7 हजार विद्यार्थी हुए पहले दिन शामिल, बारहवीं की परीक्षा आज से

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, सीसीटीवी कैमरों के बीच विद्यार्थियों को मिला केंद्रों में प्रवेश, ट्रांसपरेंट बॉक्स ही किया मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा मंगलवार को शुरू हो गई। सुबह 10 बजे से ही विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने की हिदायत थी। इस बार सीबीएसई के निर्देश पर विद्यार्थियों को सीसीटीवी कैमरे से होकर परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। वहीं पहली बार कम्पास बॉक्स की जगह टांसपरेंट पाउच को ही एलाउ किया गया। जिसमें विद्यार्थी, पेंसिल, स्केल, पेन जैसी जरूरी चीजें लेकर गए। स्कूल ड्रेस विथ आईडी के साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश मिला। दसवीं बोर्ड के विद्यार्थियों का पहला पेपर मेथेमेटिक्स का दिया। बारहवीं बोर्ड की परीक्षा बुधवार को सुबह 10 बजे से ही शुरू होगी।



#### पहली बार रीजनल आफिस रायपुर भेजी गई उत्तरपुस्तिकाएं

सीबीएसई बोर्ड का रीजनल आफिस रायपुर में शुरू होने के बाद इस साल पहली बार परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं यहां भेजी गई। बोर्ड के अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कापियां रवाना की। इसके पहले कापियां भुनेश्वर भेजी जाती थी। इसके पहले पूरे 15 परीक्षा केंद्रों से उत्तरपुस्तिकाएं श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडकों में एकत्रित की गई। इस विद्यालय को आसंरशीट की सेंट्रल कलेक्शन सेंटर बनाया गया है। निर्धारित समय तक उत्तरपुस्तिकाएं यहां लाकर उसे सूचीबद्ध किया गया।

#### आज बारहवीं का पहला पेपर फिजिकल एजुकेशन

सीबीएसई बोर्ड बारहवीं का पहला पेपर 18 फरवरी को शुरू हो रहा है। इस परीक्षा में करीब 5 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। पहला पेपर फिजिकल एजुकेशन का आयोजित होगा। सीबीएसई बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों में नजर रखने के लिए उड़नदस्ते भी गठित किए हैं। दसवी की परीक्षा में चार केंद्रों में उड़नदस्ते ने दबिश दी। परीक्षा कक्षों में पहुंचे। सीसीटीवी कैमरों को भी देखा जहां से विद्यार्थियों को पूरी जांच-पड़ताल के बाद प्रवेश दिया गया।

#### सभी पैरामीटर के बीच आयोजित हो रही परीक्षा



#### सुबह 9 बजे खुले प्रश्नपत्रों के लिए बैंक

सीबीएसई के प्रश्नपत्र और गोपनीय सामग्री को संबंधित परीक्षा केंद्रों के बैकों के स्ट्रांग रूम में रखवाया गया था। प्रश्नपत्रों को सुबह 9 बजे केंद्राध्यक्षों ने अपने सहयोगियों के साथ अपने -अपने केंद्रों तक लेकर आए। इसके लिए बैंक सुबह साढ़े 8 बजे ही खोल दिया गया। परीक्षा केंद्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।



#### 15 केंद्रों में 7 हजार विद्यार्थी हुए परीक्षा में शामिल

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए दुर्ग जिले में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में करीब 7 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें डीपीएस दुर्ग, डीपीएस भिलाई, केपीएस सुंदरनगर, केपीएस नेहरूनगर, केपीएस उतई, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, केंद्रीय विद्यालय चरोदा भिलाई, एमजीएम सेक्टर 6, श्रीशंकराचार्य विद्यालय, डीएवी हुडको, शंकरा विद्यालय सेक्टर 10, मदर प्राइड स्कूल पाटन, शिवम विद्यापीठ पाटन, केएच मेमोरियल विद्यालय जवाहर नगर शामिल हैं।

### आरोपी राजेश कनोजिया एचडीएफसी लाइफ का पूर्व कर्मी

# जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर 1.19 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी, 1 गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जीवित व्यक्ति को मृत बताकर उसकी राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के अंतर्गत जमा 1.19 करोड़ रुपए निकालने और धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पाटन पुलिस ने एचडीएफसी लाईफ कंपनी लिमिटेड बोकारो झारखंड के प्रबंधक की शिकायत पर दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामला का एक आरोपी राजेश कनोजिया इंश्योरेंस कंपनी का पूर्व कर्मचारी है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एक अन्य आरोपी राजेश ठाकुर झारखंड का है, जिसके बारे में पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने मामले में एनपीएस की धारा 316, 318, 336(2), 337, 338, 339, 340(2), 61(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। बैंक के मैनेजर ने अपनी शिकायत में कहा है कि राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस से संबंधित खातों में फर्जी मृत्यु दावा प्रस्तुत कर लगभग 1.19 करोड़ रुपए की राशि अनुचित तरीके से निकाली गई है। जांच में पाया गया कि आरोपीगणों द्वारा आपराधिक साजिश के तहत जीवित व्यक्तियों को मृत दर्शाते हुए जाली मृत्यु प्रमाण पत्र, फर्जी आधार एवं अन्य केवाईसी दस्तावेजों के माध्यम से बीमा दावा प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में सेवानिवृत्त कर्मचारी के नाम से मृत्यु दावा प्रस्तुत किया गया, जबकि संबंधित व्यक्ति जीवित पाए गए।



#### और भी लोगों के शामिल होने का संदेह

पुलिस राजेश कनोजिया से पूछताछ की जा रही है। अब तक उसने सही जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेश कनोजिया, जो दुर्ग क्षेत्र में एक ऑनलाइन सेवा केंद्र संचालित करता है। एनपीएस निकासी के नाम पर ग्राहकों से आधार, पैन एवं बैंक संबंधी जानकारी प्राप्त कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर दावा प्रस्तुत करता था। जांच में यह भी पाया गया कि मृत्यु दावों में समान पते, अमान्य क्यूआर कोड युक्त प्रमाण पत्र, संदिग्ध बैंक खातों के माध्यम से लेन-देन जैसी अनियमितताएं थीं।

#### धोखाधड़ी मामले में और भी लोग शामिल

धोखाधड़ी के इस मामले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। एचडीएफसी लाईफ का पूर्व कर्मचारी राजेश कुमार ठाकुर द्वारा जाली दस्तावेज अपलोड करने एवं सत्यापन प्रक्रिया को दरकिनार करने की भूमिका पाई गई है। पाटन क्षेत्र एवं संबंधित एनपीएस खातों के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। आरोपी राजेश कनोजिया (44 वर्ष) पंचशील सेक्टर-1, बोरसी निवासी है। आरोपी के पास से 10 हजार रुपए कैश, फर्जी दस्तावेजों से संबंधित डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं। दुर्ग पुलिस ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की बीमा अथवा पेंशन योजना से संबंधित जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतें।

### छात्रा ने घर पर लगाई फांसी

**भिलाई।** बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले एक छात्रा ने



अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जामुल पुलिस ने बताया कि छात्रा घासीदास नगर निवासी नारायणी साहू 17 वर्ष है। आत्मानंद विद्यालय हाउसिंग बोर्ड में कक्षा 10 में पढ़ रही थी। सोमवार की दोपहर 3 बजे छात्रा स्कूल से प्रवेश पत्र लेकर घर पहुंची थी। इसके बाद सब ठीक चल रहा था। छात्रा देर रात तक बहनों के साथ पढ़ाई की। उसके बाद सभी सो गए फिर मंगलवार की सुबह परिजनों ने देखा कि नारायणी फंदे पर लटकी मिली। शव को देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतार कर पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए भेजा गया।

# शिवजी की बारात के दौरान उपजे झगड़े में नाबालिग की हत्या, सात आरोपी गिरफ्तार



### मोहन नगर थाना अंतर्गत शक्तिनगर क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत शक्तिनगर में शिवजी की बारात में उपजे विवाद के दौरान एक नाबालिग की चाकू से गोदने हत्या कर दी गई। मृतक का नाम क्षयराम गोंड़ उर्फ नानू (16 वर्ष) बताया गया है। पुलिस ने मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि शांति नगर वार्ड निवासी नानू शिवजी की बारात देखने के लिए गया था। रंजिश को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। आरोपियों ने नानू के साथ मारपीट कर दी। धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में क्षय को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक नानू

#### सीसीटीवी में मिले संदेहियों से पूछताछ के बाद खुलासा

पुलिस ने बताया कि हत्या के मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। जिससे संदेहियों की पहचान की गई। इसके बाद घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। मामले में शक्ति नगर निवासी करण उर्फ बाटा, मनीष देशमुख उर्फ पांडू, अश्वनी चंद्राकर, आशीष चतुर्वेदी उर्फ मोनू, शुभम देवांगन उर्फ राजा, जितेश वर्मा उर्फ पोगो, आदित्य सेन को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। बाद में पुलिस ने उन्हें पकड़ो। कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### भिलाई निगम आयुक्त ने विभागीय समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

# निगम क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग रोकने संबंधित खसरों पर लगेगा बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई शहर में अवैध प्लाटिंग को पूरी तरह रोकने के लिए संबंधित खसरों को बैन करने की प्रक्रिया तेज करेगा ताकि अवैध खरीद-बिक्री पर प्रभावी रोक लग सके। बैन खसरों का अवलोकन आम नागरिक वेबसाइट पर कर सकते हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान यह हिदायत दी। बैठक में आवास योजना, राज्य प्रवर्तित योजनाओं, विधानसभा प्रश्नों के उत्तर, संपत्तिकर वसूली और शहर में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में उप मुख्यमंत्री की प्रस्तावित बैठक के मद्देनजर सभी आवश्यक जानकारियां तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें।



#### संपति कर 100 प्रतिशत वसूल हो

आयुक्त पांडेय ने स्लम विस्थापन के तहत आईएचएसडीपी और वाम्बे आवास के हितग्राहियों को 75,000 रुपये की राशि जमा कराने के पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बकाया संपत्तिकर की वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शहर में चल रहे निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने और समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया है, ताकि नागरिकों को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

#### समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण हो

आयुक्त पांडेय ने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचाने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत नए विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजने पर सहमति बनी। सभी विभागीय कार्यों को समय सीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण करें। विधानसभा सदस्यों द्वारा मांगी गई जानकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रेषित किया जाए। बैठक में प्रशासनिक और तकनीकी टीम के मुख्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, डी. के. कोसरिया, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, भवन अधिकारी अजय गौर, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, तकनीकी सहायक दिलीप कुर्वे एवं स्टेनो पुरुषोत्तम साहू शामिल थे।




## खबर संक्षेप



### मोर्चा के पदाधिकारियों ने ग्रामीण विधायक चंद्राकर से की मुलाकात

दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निवास पर अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने सभी पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा संगठन सुदृढ़ीकरण एवं जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। मैं उन्हें संगठन सुदृढ़ीकरण और जनसेवा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, एमआई फिरोजी, शेख शकील अहमद, महेश कुमार जैन, सिंघारा सिंह सोढ़ी, विवेक कुमार जैन, बबलू प्रसाद चौरे, दिलराज सिंह राजपूत, तुषेन्द्र कुमार मेश्राम, समीम रिज़वी, अनीश अहमद खान सहित अन्य मौजूद थे।

### सीताराम और दिलीप गौरव रत्न से सम्मानित



दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सीताराम ठाकुर और दिलीप ठाकुर को सम्मानित किया। नगर के ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर सचिव एवं दिलीप ठाकुर जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य हैं। ये सम्मान लगातार कई वर्षों से आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित विज्ञान विकास केंद्र तथा एससीएसटी कन्या छात्रावास परिसर की छात्राओं के लिए स्वास्थ परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर आयोजन, सेंट्रल जेल के चिह्नित बंदियों की चिकित्सा सेवा पुलगांव नाका स्थित समाज कल्याण विभाग के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर दवाइयां वितरण, आध्यात्मिक एवं अन्य सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें राज्य स्तरीय गुरु रत्न एवं छत्तीसगढ़ सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया है।

### नवधा रामायण पाठ का आयोजन 21 से

भिलाई। राधाकृष्ण मंदिर नेहरू नगर भिलाई द्वारा नव दिवसीय नवधा रामायण पाठ का आयोजन 21 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित है। जिसमें पं. गिरधर गोपाल आसोपा, पं. सुशील आसोपा जोधपुर कथा वाचक के रूप में मौजूद रहेंगे। 21 से 28 फरवरी दोपहर 3 से संध्या 7 बजे तक आयोजित है।

# पारदर्शिता की दिशा में कदम, मनरेगा मजदूरों का ई-केवाईसी से होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत पंजीकृत परिवारों की ई-केवाईसी एवं आधार सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर आधार कार्ड एवं बैंक खाते के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन किया गया। जिला प्रशासन के अनुसार ब्लॉक दुर्ग की 60, ब्लॉक पाटन की 104 तथा ब्लॉक धमधा की 108 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए गए। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं मेट को निर्देशित किया गया कि पंचायत भवन, कार्यस्थल एवं घर-घर जाकर सभी पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करें। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मनरेगा डेटाबेस को आधार से जोड़कर फर्जी हाजिरी पर रोक लगाना एवं मजदूरी भुगतान को पूर्णतः पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र श्रमिक तकनीकी कारणों से योजना से वंचित न हो।

अधिकारियों ने बताया कि योजना में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक वास्तविक एवं पात्र मजदूर को बिना किसी रुकावट के समय पर एवं पूर्ण मजदूरी प्राप्त हो तथा योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुंचे। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक वास्तविक और पात्र मजदूर को बिना किसी बाधा के समय पर और सही मजदूरी मिलती रहे, तथा योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों तक पहुंचे।

## शत-प्रतिशत सत्यापन का लक्ष्य लेकर शुरू किया गया काम

### युद्ध स्तर पर किया गया सत्यापन का काम

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी अनिवार्य है। श्रमिकों का आधार सत्यापन पूर्ण नहीं होगा तो उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकेगी। मजदूरी भुगतान में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अतः श्रमिकों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं जॉब कार्ड के साथ पंचायत अथवा ब्लॉक कार्यालय में सत्यापन कराने की अपील की गई थी। जिले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से डिजिटल उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। इसके अंतर्गत कार्यस्थलों पर प्रतिदिन दो बार जियो-टैग्ड फोटो अपलोड की जाती है, जिनका मिलान ई-केवाईसी रिकॉर्ड से किया जाता है।



### ई-केवाईसी अनिवार्य क्यों, जानिए

जिला प्रशासन द्वारा ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है ताकि मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति दर्ज हो सके, भुगतान सीधे बैंक खाते में पहुंचे, बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो अपात्र/फर्जी नाम हटाए जा सकें, यदि समय पर ई-केवाईसी नहीं कराई गई, तो श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज नहीं होगी और मजदूरी भुगतान में कठिनाई आ सकती है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड, श्रमिकों को पंचायत भवन या ब्लॉक कार्यालय में जाकर आधार सत्यापन एवं फेस रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन दो बार जियो-टैग्ड फोटो अपलोड की जाती है।

## बिजली की सप्लाई बेहतर करने लगेगा ट्रांसफार्मर, जनरेटर से किया गया ट्रायल

# 1.62 करोड़ की ट्रॉमिल मशीन से होगी कचरे की प्रोसेसिंग, लैंड फिलिंग में कम होगा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दुर्ग निगम ने नई शुरुआत की है। करीब 1.62 करोड़ रुपए की लागत से नई ट्रामिल मशीन की खरीदी की गई है।

इस मशीन के जरिए गीला-सूखा कचरे की प्रोसेसिंग आसान हो सकेगी। साथ ही कचरे की लैंड फिलिंग का दबाव भी कम होगा। यानी वर्तमान में जितना कचरा लैंड फिलिंग के लिए भेजा जा रहा है, उसका आधा ही कचरा लैंड फिलिंग के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा मिक्स कचरे का वैज्ञानिक पृथकीकरण होगा और कचरे का निष्पादन किया जाएगा। लगाई गई मशीन बिजली से चलेगी। इसके लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। मंगलवार को जनरेटर की मदद से ट्रामिल मशीन का ट्रायल लिया गया। नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18, धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर में 15वें वित्त आयोग मद से 1.62 करोड़ रुपये की लागत से यह मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन शहर से प्रतिदिन निकलने वाले मिश्रित (मिक्स) कचरे के वैज्ञानिक पृथकीकरण में सहायक सिद्ध होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

### एसएलआरएम सेंटर के आसपास डंप कचरे से लोग परेशान

बता दें कि धमधा नाका के उक्त क्षेत्र में लंबे समय से कचरा डंप किया जा रहा है। स्टेट हाईवे से लगे होने की वजह से लोगों आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ती है। इतना ही आसपास के लोग उठती बदबू से खासे परेशान हैं। इसे लेकर लगातार शिकायत भी की गई है। पूर्व एल्डरमैन अजय गोलू गुप्ता ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने इस मामले को लेकर अनियमितता का भी आरोप लगाया था। बहरहाल एसएलआरएम सेंटर तो शिफ्ट नहीं हुआ, उल्टा 15वें वित्त आयोग के पसे से सेंटर में नई ट्रामिल मशीन लगाई गई है। दावा किया जा रहा है कि इस मशीन के उपयोग से कचरा बेतरतीब ढंग से नहीं फैलेगा।

## 49 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण पुलिस लाइन क्षेत्र को मिलेगी बड़ी राहत



दुर्ग। ठगड़ा बांध वार्ड 48 न्यू पुलिस लाइन मेन गेट के सामने से लेकर फुटबॉल ग्राउंड तक 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत 49 लाख रुपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन क्षेत्र में 7.95 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया। निर्माण कार्य का शुभारंभ महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कार्य स्वीकृत किया गया है। 7.95 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। महापौर ने मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, वार्ड पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, सरिता चंद्रकार, गुलशन साहू, यूवराज कुंजाम, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान,संभव जैन,सहायक अभियंता राजेन्द्र धबाले, उपअभियंता करण यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### महापौर ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पुलिस लाइन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पेवर ब्लॉक निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता के अनुरूप उनकी निगरानी में ही पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्रामीणों को अब 100 नहीं 125 दिन का मिलेगा रोजगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अकतई ग्राम पंचायत पाटन में वीबीग्रामजी विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के ग्रामीणों, किसानों एवं महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जानकारी दी गई कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिवस रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान की गई है। यदि निर्धारित समय में कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। तकनीकी सहायक गिरीश नारंग ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाना अनिवार्य है। यदि 15 दिवस के भीतर भुगतान नहीं होता है, तो संबंधित मजदूर को 0.05 प्रतिशत अतिरिक्त राशि ब्याज के रूप में देय होगी। उन्होंने कहा कि अब भुगतान में देरी की स्थिति में जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

### अब पंचायत करेगा कामों का चयन

ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि 100 दिवस से बढ़ाकर 125 दिवस रोजगार उपलब्ध होगा। ग्राम की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन। जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तालाब, डबरी एवं अन्य संरचनाओं का निर्माण। स्थायी परिसंपत्ति निर्माण के माध्यम से टिकाऊ विकास को बढ़ावा। महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरणा। आजीविका डबरी निर्माण पश्चात आय संवर्धन के अवसरों की जानकारी। कार्यक्रम में तालाब गहरीकरण कार्य के संबंध में लगभग 200 मजदूरों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान मौके पर ही किया गया।

### सामूहिक जनभागीदारी पर दिया गया जोर

इस अवसर पर सरपंच माधुरी निषाद, सचिव कामता पटेल, रोजगार सहायक दिनेश चंद्राकर एवं नरोत्तम निषाद उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई, ताकि शासन की योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्राम के समग्र विकास में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर दीपा मारकाण्डे उपसरपंच, बुधयारिन ठाकुर, यमुना बाई ठाकुरउपस्थित रहे।

## रायपुर नाका मुक्तिधाम में अतिक्रमण को हटाया गया, गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 60 रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम परिसर में छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ द्वारा एक कक्ष में किए गए अनधिकृत कब्जे को महापौर अलका बाघनार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से हटाया गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की। साथ ही छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ को भविष्य में बिना अनुमति किसी भी स्थल पर अतिक्रमण न करने हेतु सख्त चेतावनी दी गई है। निगम महापौर ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि पुनः इस प्रकार की गतिविधि पाई जाती है तो नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम से लगे गार्डन के सौंदर्यकरण हेतु भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आम नागरिकों के उपयोग हेतु सुगम बनाने के उद्देश्य से सौंदर्यकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।



### तहसील कार्यालय के पास से पसरा लगाने वालों की मार्किंग

पुराना सिटी कोतवाली के पीछे स्थित नीबू लाइन क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से पसरा एवं ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने टेप के माध्यम से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के लिए निर्धारित स्थान की नाप-जोख कर व्यवस्थित रूप से चिन्हांकन किया। निर्धारित जगह के आकार को सुव्यवस्थित एवं सीमित किया गया, ताकि सड़क मार्ग बाधित न हो। चेतावनी दी गई कि कोई दुकानदार निर्धारित लाइन के बाहर दुकान लगाते पाया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर सामान भी जब्त किया जाएगा।

### दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण शिविर आज से

दुर्ग। जिले में दिव्यांगजनों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में पहल करते हुए एनटीपीसी-सेल पॉवर कम्पनी लिमिटेड की निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर योजना के अंतर्गत, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को, जबलपुर एवं समाज कल्याण विभाग, दुर्ग के समन्वय से निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन 18 से 20 फरवरी तक किया जा रहा है। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं चिन्हांकन किया जाएगा। परीक्षण के पश्चात पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। हितग्राही किसी भी स्थल पर जाकर इसमें भाग ले सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों से कहा है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर परीक्षण कराएं।

## गन्ने एवं मिलेट्स फसलों की खेती को बढ़ावा देने संभागायुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए गन्ने एवं मिलेट्स फसलों की पैदावारी के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले में गन्ने की फसल पर जोर दिया जाए, वहीं संभाग अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्रों के जिलों में मिलेट्स फसलों की पैदावारी पर जोर दिया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक कृषि को गन्ने की पैदावारी के लिए शासन स्तर पर कृषकों को अनुदान राशि के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। श्री राठौर ने संभाग अंतर्गत जिलों में रबी धान की फसल के बदले दहलन-तिलहन फसलों की क्षेत्राच्छादन में बढ़ोतरी करने निर्देशित किया। खाद के भंडारण के साथ ही अग्रिम उठाव के लिए अभियान प्रारंभ किया जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल रोकने बेहतर प्रबंध किया जाए। जिलों में उड़नदस्ता टीम गठित कर, टीम द्वारा नकल के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बोर्ड परीक्षा का संचालन बेहतर ढंग से हो। केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानियां बरतने के कड़े निर्देश दिये जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संचालित करने पर जोर देते हुए अवगत कराया कि आगामी 24 फरवरी को ई-ऑफिस पर विशेष प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रशिक्षण में अधिकारी सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार प्रदेश की सभी पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति को जोड़ना है।

## कलेक्टर ने की जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# अविवादित नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों का हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से अविवादित नामांतरण और अविवादित बंटवारे के कार्य ग्राम पंचायतों को सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-दो प्रकरण दर्ज कर 31 मार्च से पहले आदेश जारी किए जाएं। भूमि आवंटन से जुड़े मामलों में विभाग प्रमुखों को बिना विलंब अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने को कहा गया, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों।

### बायोमीट्रिक अटेंडेंस शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश

बैठक में बायोमेट्रिक अटेंडेंस को सभी अनुविभागीय कार्यालयों, जनपदों और तहसीलों में शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत व्यक्तिगत आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली, जिस पर सभी नगर निगम आयुक्तों ने पूर्णता की जानकारी दी। स्वामित्व योजना (मेप-2/मेप-3) में संशोधन के लिए ग्रामवार स्कैन कॉपी के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही शासकीय नस्तियों के संधारण के लिए लिंक अधिकारी की शीघ्र नियुक्ति करने को कहा गया।



### जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियां होगी शुरू

आगामी जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर निरस्तीकरण के बाद भी बकाया राशि जमा न करने वाले संचालकों से भू-राजस्व के रूप में वसूली की कार्यवाही शीघ्र करने को कहा गया। जिले के सभी आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों, जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनके लिए शिविर लगाकर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी बच्चों के आधार पंजीयन हेतु जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होने के कारण जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र लंबित हैं, उनके लिए संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

### समन्वय के साथ जनता को लाभ पहुंचाने कहा

बैठक में जल संरक्षण, जल स्रोतों के रिचार्ज तथा नल-जल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं संधारण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं। बैठक में वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर बिरेन्द्र सिंह एवं योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पांडेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरत राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं शिल्ली थामस, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



# पलाश, आम के बौर व सरसों के फूल दे रहे सुकून, प्रकृति प्रेमियों को लुभा रहा वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

बसंत ऋतु के आगमन के साथ धरती प्रकृति के विभिन्न रंगों से सराबोर हो जाती है। खेतों में सरसों की पीली चादर, पलाश के दहकते लाल फूल ऐसे लगते है जैसे जंगल में आग लगी हो और आम के पेड़ों पर बौर (मंजरी) की मादक सुगंध वातावरण को मनोरम बना देते हैं। यह परिदृश्य प्रकृति के पुनर्जागरण, समृद्धि और मादक सौंदर्य का जीवंत प्रतीक है, जो धरती को स्वर्ग जैसी सुंदरता प्रदान करती है। गांवों का वातावरण लोगों के मन को मोह रहा है।

## गांवों की धरती प्रकृति के पेड़ों के रंगों से आच्छादित होकर मन मोह रही

### पलाश के दहकते फूल

जंगलों में पलाश के पेड़ लाल-नारंगी फूलों से भर जाते हैं, जो दूर से देखने पर जंगल में लगी आग जैसे लगते हैं, इसलिए इन्हें ₹जंगल की आग₹ भी कहा जाता है। ग्रामीण परिवेश में पलाश के फूलों की बहार से होलिकोत्सव आगाज का संदेश मिल रहा है। होली पर ग्रामीण इलाकों में पलाश के फूलों से पहले रंगों को तैयार किए जाता था फागुन में पतझड़ के बाद खेत खलिहानो में सर्वत्र वीरानी छाई हुई है। अधिकतर वृक्ष सूखे दिखाई देते हैं। होली का आगाज दिलाने वाले पलाश के फूल देखकर ग्रामीण इलाकों में होली मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। पलाश के फूलों से शरबत व होली का प्राकृतिक रंग भी बनाया जाता था। इतना ही नहीं, इन फूलों के अर्क से औषधि भी तैयार की जाती है। वसंत ऋतु व होलिका पर्व के नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं।





### सरसों के पीले खेत

बसंत ऋतु में खेतों में सरसों के पीले फूल ऐसे लग रहे हैं जैसे धरती ने सुनहरी चादर ओढ़ ली हो। सरसों के पीले फूलों से लहलहाते खेत सर्दी के अंत में धरती पर बिछी एक मनोरम सुनहरी चादर के समान प्रतीत हो रहे हैं। यह जीवंत पीला परिदृश्य न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ा रहा है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में जीवन, उम्मीद और आर्थिक समृद्धि का संदेश भी दे रहा है। हवा में झूमते ये फूल मधुमक्खियों को आकर्षित कर रहे हैं और मधुमक्खी पालन में भी सहायक हो रहे हैं। सरसों की सुनहरी चादर सुबह की ओस और हल्की धूप में मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रही है, जो शांति और खुशी का अहसास भी करा रही है। यह फसल बसंत के आगमन का प्रतीक है और ग्रामीण इलाकों में लोक गीतों व संस्कृति से गहरे जुड़ी है।

### आम के बौर (मंजरी)

आम के पेड़ों पर आने वाले बौर न केवल फलों की आने वाली बहार का संकेत देते हैं, बल्कि उनकी भीनी-भीनी सुगंध पूरे वातावरण को



मादक बना देती है। यह समय ग्रामीण इलाकों में नई ऊर्जा और हर्षोल्लास लेकर आता है, जहाँ प्रकृति के इन रंगों का स्वागत बड़े उत्साह के साथ किया जाता है आम की मंजरी (बौर) वसंत ऋतु के आगमन और धरती की सुंदरता का प्रतीक है, जो पेड़ों पर सुनहरे-पीले फूलों के गुच्छों के रूप में छा जाती है। यह सुगंधित बौर न केवल प्रकृति को मादक बना रही है बल्कि फल (आम) की आशा, प्रेम और जीवन में नई उमंग का संदेश भी दे रही है। यह ऋतु परिवर्तन का मनोहर दृश्य है, जो आम की बौर के रूप में धरती को निखार रहा है। आम के पेड़ों पर आने वाले बौर (छोटे-छोटे फूल) से वातावरण में एक हल्की, मीठी और मादक सुगंध फैल रही है, जो मन को मोह रही है।पेड़ों पर छाई हुई सुनहरी और हरी मंजरियां धरती को एक अद्भुत और खूबसूरत रूप प्रदान कर रही हैं।

## खबर संक्षेप



### देवादा सरपंच जरुरतमंद परिवारों के लिए बनीं सहारा

**सेलूद।** विकासखंड पाटन के ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ग्राम के हर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को शादी, जन्मोत्सव, दशगात्र एवं अन्य अवसरों पर आर्थिक सहायता के साथ-साथ अन्नदान भी करती हैं। उनके इस सेवा भाव से गांव में सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल कायम हो रही है। ग्राम देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने ललित साहू एवं दशोदा साहू के पुत्र टोमेस साहू के विवाह समारोह में शामिल होकर वर-वधु को 5 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने नवदंपत्ति को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### ओटेबंद में 11 दिवसीय मेला कल से

**अंडा।** बालोद व दुर्ग जिले की सीमा पर बसे श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा गांव गुंडरदेही ब्लॉक में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 19 फरवरी गुरुवार से 01 मार्च रविवार तक किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का पावन वाचन राजीव नयन महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा का आयोजन 21 फरवरी से 01 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा। भगवान विष्णु की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में रही रौनक, जनप्रतिनिधियों ने भी दी भागीदारी

# बच्चों की सेहत परखने के लिए गांव-गांव में हुआ वजन त्योहार, माताओं को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण सेक्टर अंजोरा 'ख'अंतर्गत ग्राम तिरगा में वजन त्यौहार परियोजना अधिकारी उषा झा एवं सेक्टर सुपरवाइजर गीतांजली भैंसारे के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती माताओं के वजन एवं ऊंचाई को मापा गया।

बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर पोषण स्तर का आकलन किया गया, ताकि कुपोषण की स्थिति में समय पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेहा तिवारी, टुमेश्वरी बेलचंदन, खोमेश्वरी नेताम, सहयोगी कार्यकर्ता पूर्णमा देशमुख, धनेश्वरी देशमुख, तारनी देशमुख, सतरूपा मंडावी, अरुणा सोनी, त्रिवेणी देशमुख तथा सहायिका निर्मला सोनी एवं दुलेश्वरी उपस्थित रहीं। साथ ही बड़ी संख्या में बच्चों के पालक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। वजन त्यौहार के माध्यम से बच्चों और गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित आहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### पांच वर्ष तक के बच्चों की सेहत पर दिया ध्यान



### स्वास्थ्य परीक्षण भी किया बच्चों का

**पाटन।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जामगांव एम अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 सांकरा में "वजन त्यौहार" का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की प्रतिनिधि सी.एस. लाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वजन त्यौहार के दौरान आँगनबाड़ी केंद्र में दर्ज कुल 36 बच्चों का वजन एवं ऊँचाई मापकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में सभी बच्चे सुपोषित पाए गए। इस अवसर पर सभी अभिभावकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बच्चों के बेहतर पोषण स्तर के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय साहू, परियोजना अधिकारी यमुनेश पांडे, सरपंच रवि सिंगौर, पंच तुलाराम सिंगौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।



### गर्भवती माताओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण



**उतई।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 केंद्र में पंजीकृत बच्चों व 8 गर्भवती महिलाओं का वजन, ऊंचाई मापी गई। बच्चों के समुचित शारीरिक विकास एवं पोषण स्तर की जांच कर पालकों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के संबंध में जरूरी मार्गदर्शन दिया। समय पर टीकाकरण एवं स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी उषा झा ने जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी संभव होती है। कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर सुपवावाइजर प्रमिला वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मितानिन दीपा उतरा, शकुंतला नारंग और त्रिवेणी कुर्रे सहित हितग्राही उपस्थित थे।

### कुपोषण की जांच के साथ बताई पोषण की राह



**अंजोरा।** वजन त्यौहार 2026' के तहत 16 फरवरी को पिसेगांव के आंगनबाड़ी केंद्र में उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता देशमुख, प्रभा देवांगन, राजेश्वरी बांधे, हेमलता साहू, कौशल्या देशमुख तथा सहायिका उमा देशमुख, प्रेमलता देशमुख, जानकी साहू, अहिल्या, संगीता मानकर सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहीं। इन सभी ने मिलकर 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन किया, कुपोषण की जांच की और अभिभावकों को पोषण संबंधी सलाह दी। आंगनबाड़ी केंद्र को फूलों, रंग-बिरंगे चार्टों और पोषण पोस्टरों से सजाया गया था। प्रभा देवांगन और हेमलता साहू ने बच्चों के साथ खेल-खेल में पोषण शिक्षा की जानकारी दी, जबकि कौशल्या देशमुख और सहायिकाओं ने मापन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संभाला।

## अंचल की खबरें

### जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी शक्ति



**पाटन।** महाशिवरात्रि के पावन एवं आध्यात्मिक अवसर पर कीर्ति नायक, अध्यक्ष, जनपद पंचायत पाटन ने राजिम कुंभ क्षेत्र के कुलेश्वर महादेव टोला घाट स्थित शिव मंदिर, ग्राम कौही में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए मंगलकामनाएं प्रकट की। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण, श्रद्धा और आस्था के बीच उन्होंने बाबा भोलेनाथ से क्षेत्र के निरंतर विकास और सामाजिक सौहार्द्र की प्रार्थना की। कीर्ति नायक ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो, यही उनकी कामना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति और जनसेवा की प्रेरणा है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से मंदिर परिसर शिवमय हो गया और धार्मिक वातावरण में आस्था व भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### महाशिवरात्रि मेला का हुआ भव्य आयोजन



**अंडा।** दुर्ग विकासखंड के ग्राम भरदा में प्रसिद्ध महाशिवरात्रि मेला विगत 70 सालों से लगातार आयोजित हो रहा है। सन 1956 में तत्कालीन ग्राम प्रमुखों के सौजन्य से इसका आयोजन प्रारंभ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उमेंद्र सिंह भारदीय भरदा ,उदयराम भारदीय भरदा, भीषम सिंह देशमुख चंगोरी, गजपति देशमुख चंगोरी साथ ही अछोटी, आलबरस, ख़ांड़ा, रूदा के सभी सज्जनवृंद शामिल हुए । सभी ने मिलकर भरदा बगीचा चंगोरी घाट में दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन प्रारंभ किया जो फाल्गुन कृष्ण पक्ष तिथि 12 व 13 को संपन्न होता है। इस वर्ष 14 फरवरी को शिवनाथेश्वर महादेव का अभिषेक सत्यनारायण व्रत कथा एवं आरती प्रसाद का वितरण हुआ वहीं रविवार को को भक्तजनों द्वारा शिवनाथेश्वर महादेव की पूजा अर्चना मेला-मंडई का आयोजन किया गया।

## डाकघर आमजन के लिए बैंकिंग, पेंशन, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा का एक सशक्त केंद्र बना : कीर्ति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ जामगांव एम में जनसेवा शिविर का किया आयोजन

भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत शाखा डाकघर जामगांव एम एवं उप डाकघर पाटन के संयुक्त तत्वावधान में जामगांव एम में एक विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस विशेष शिविर में आम नागरिकों को डाकघर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान नया खाता खोलने, मोबाइल नंबर अपडेट, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क आधार निर्माण, आईपीपीबी खाता, रोज़गार गारंटी, पेंशन, छात्रवृत्ति खाता सहित अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों के खाते भी खोले गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ परिमंडल एवं दुर्ग संभाग के डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिकतम लाभ लेने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कीर्ति नायक ने कहा कि "डाकघर आज केवल पत्र-व्यवहार तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह आमजन के लिए बैंकिंग, पेंशन, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों की उपस्थिति रही और लोगों ने डाक विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का उत्साहपूर्वक लाभ उठाया।



### सेप्टिक टैंक में गिरी गाय, बड़ा हादसा टला

**पाटन।** पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित खुले सेप्टिक टैंक में गाय गिर गई। बताया जा रहा है कि सेप्टिक टैंक काफी समय से खुला पड़ा है और इसकी जानकारी अधिकारियों को भी है, बावजूद इसके अब तक इसे ढंकने या सुरक्षित करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं, जिनमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल रहते हैं। ऐसे में यह खुला टैंक किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा था। सौभाग्यवश इस बार कोई जनहानि नहीं हुई। गाय के टैंक में गिरने के बाद मरीजों के परिजनों ने मानवता का परिचय देते हुए रस्सी की मदद से उसे बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नर्सिंग स्टाफ द्वारा परिजनों से रस्सी पकड़ने को कहा गया, लेकिन टैंक से आ रही तेज बदबू और गंदगी के कारण कई लोग आगे नहीं बढ़ सके। अंततः कुछ साहसी लोगों ने प्रयास कर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला।

## चांवल नहीं मिलने से परेशान हो रहे ग्रामीण



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि ग्राम पंचायत सेलुद के अंतर्गत संचालित राशन दुकान में आबंटन केन्द्र से चावल उपलब्ध नहीं होने के कारण माह फरवरी के 17 तारीख हो जाने के बाद भी चांवल नहीं मिल पाया है। प्रत्येक माह नियत समय पर चांवल मिल जाने के कारण अधिकांश ग्रामीण राशन दुकान के चांवल पर निर्भर रहते है और घर में धान या चावल नहीं रखते है। पुर्णतः राशन दुकान के चांवल पर निर्भर रहते है लेकिन इस माह 17 तारीख तक चावल नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ ग्रामीण दुकानों से ऊंचे दामो पर चांवल लेकर खाना बनाने विवश हो गये है। ग्रामीणों की मांग है कि विभाग द्वारा सेलुद में शीघ्र आबंटन दिया जाय और उसका वितरण भी शीघ्रताशीघ्र किया जाय जिससे ग्रामीणों को राहत मिले।

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्रं.-202602100800023/
ब-107/वर्ष 2025-26
ग्राम धमधा / प.ह.नं. 15

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मल जैन पिता ज्ञानचंद जैन जाति जैन निवासी ग्राम धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ साहूकारी (संशोधित) लाइसेंस अधिनियम 2005 मूल अधिनियम की धारा 11 (ग) की उपधारा-1 तथा धारा 11 (ग) की उपधारा-2 के तहत् साहूकारी लायसेंस नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल चालान की प्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 25/02/2026 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मूहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 09/02/2026
पेशी दिनांक- 25/02/2026

मुहर
तहसीलदार
धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा०प्र०क्र०/202602104000003/ब-121 / वर्ष 2025-26
ग्राम :- खेरधा, प.ह.नं. 003

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका हरिश साहू पति तिलक राम साहू, जाति तेली निवासी कपसदा, तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने नाना जगतराम साहू पिता स्व गुहरी राम जाति तेली, साकिन खेरधा, की मृत्यु दिनॉक 20.09.1990 को स्थान खेरधा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) में होना लेख करते हुए मृतक के मृत्यु का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नही होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/ आदेश देने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है। अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20.02.2026 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक: 20.02.2026
जारी दिनांक : 05.02.2026

मुहर
तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय आयुक्त,
दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

// सूचना-उद्घोषणा पत्र //

मामले का विषय-अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक-43/अ-5/2018-19
पक्षकार-श्रीमती गायत्री पवार विरूद्ध
मोहनपुरी वगैरह
श्रीमती बलेश्वरी आ. सुन्दर लाल सतनामी
निवासी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गायत्री पवार पति दिलीप कुमार पवार, निवासी ग्रान सोरर, तहसील गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद के प्र.क्र. 43/अ-5/2006-07 पारित अंतिम आदेश दिनांक 31.03.2008 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44(2) के तहत् अपील आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 21.04.2026 को दिन के 12.00 बजे स्थान न्यायालय आयुक्त, उद्योग भवन, जी.ई. रोड दुर्ग में होगी। अतः सुनवाई तिथि में समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

जारी दिनांक :- 10.02.2026

(सत्य नारायण राठौर)
आयुक्त,
दुर्ग संभाग, दुर्ग

## निधन

### अनिल कुमार वर्गीस

**भिलाई।** सुंदर विहार कॉलोनी फेस -II कुरूद निवासी अनिल कुमार वर्गीस (एम.सी. वर्गीस) का निधन 15 फरवरी को हो गया । उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को सुबह 9 बजे उनके पूर्व निवास सड़क नं 12 सेक्टर 7 से निकलेगी तत्पश्चात 10.30 बजे कुरूद से पूजा अर्चना के बाद क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरू नगर भिलाई में अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

### श्री राम दत्त पांडे



**भिलाई।** नेहरू नगर ईस्ट 51/2 निवासी, भिलाई इस्पात संयंत्र रेल मिल से सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री राम दत्त पांडे 82 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. नीरा पाण्डे विभागाध्यक्ष बीएड श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के ससुर, रितेश पाण्डे के दादा, अपूर्वा पाण्डे के दादा ससुर, माया मिश्रा, छाया मिश्रा, पूर्णिमा मिश्रा के पिता, कमल प्रकाश पांडे, राजेश पांडे के चाचा थे।

### नेमीचंद संचेती



**भिलाई।** भोईपारा आपापुरा दुर्ग निवासी नेमीचंद संचेती 75 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को निवास स्थान से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ज्ञानचंद, महेंद्र, पदम के भाई और जय संचेती के पिता थे।

## बिजनेस साइट

### औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए प्लेसमेंट कैंपस आयोजित



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया, जिसमें फायर एवं सेफ्टी के प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ अपना साक्षात्कार इंटरव्यू दिया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, निर्देशक और फायर के ट्रेनर मनोज ठाकरे, औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी के ट्रेनर शत्रुहान लाल धनकर, बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारी तपन कुमार विश्वास ने बताया कि संस्था में अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसको प्राप्त करने के बाद संस्था के विद्यार्थियों ने भिलाई स्टील प्लांट से पहुंचे ठेकेदार एचसीएल कंपनी हिंदुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के ठेकेदार केशव सिंह, टीकृष्ण राव एवं असीम अहमद खान ने सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए छात्रों का इंटरव्यू लिया। उन्होंने बताया कि संस्था में बहुत ही सुचारू रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था में फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा के प्रशिक्षण दे रहे गुरुजन, जो भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर हैं। वे अपने अनुभव से सभी छात्र-छात्रों प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिनसे हमें उचित गुणवत्ता एवं योग्य उम्मीदवार प्राप्त हुए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जेईई मेन्स में ट्विनसिटी के 20 से ज्यादा विद्यार्थियों के 99 पर्सेंटाइल से ज्यादा

## 99 प्रतिशत से ऊपर पर्सेंटाइल वालों की संभावित ऑल इंडिया रैंक 700-800 के बीच आंकी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एनटीए ने जेईई मेन सेशन-1 के नतीजे घोषित किए। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जिले के करीब 30 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से ऊपर पर्सेंटाइल हासिल किया है। मैत्री विद्या निकेतन के अथर्व ठाकुर ने 99.97 परसेंटाइल प्राप्त कर ट्विनसिटी में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। दूसरे नंबर पर आयुष प्रिय 99.95 प्रतिशत पर्सेंटाइल के साथ पर हैं। वत्सला जिंदल 99.92 प्रतिशत, श्रीजीत चटर्जी (99.87%), प्रमोद यादव (99.86%) और अर्णव (99.85%) प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। इस नतीजे के बाद जेईई सेकंड सेशन का भी परिणाम आना है। उसके बाद एडवांस का परिणाम आएंगे जिसमें क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश होगा। ट्विनसिटी से हर साल करीब 20 से 35 बच्चे क्वालीफाई करते हैं।

### संभावित आल इंडिया रैंक ऐसा होने का अनुमान

जानकारों के मुताबिक जिन विद्यार्थियों के पर्सेंटाइल 99.9 प्रतिशत के पार है, उनकी संभावित ऑल इंडिया रैंक 700 से 800 के बीच आंकी जा रही है। इस साल प्रश्नपत्र पिछले कुछ वर्षों की तुलना में अधिक कठिन था, बावजूद ट्विनसिटी के विद्यार्थियों ने पर्सेंटाइल में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जिले से परीक्षार्थियों की संख्या भी पहले की अपेक्षा बढ़ी है। वर्ष 2024 के प्रथम सत्र में जिले का सर्वोच्च पर्सेंटाइल 99.71% था, जबकि 2025 में यह बढ़कर 99.97% तक पहुंचा था। इस बार भी शीर्ष स्कोर 99.95% रहा।

### जेईई मेन्स में भिलाई-दुर्ग टॉपर सहित मैत्री विद्या निकेतन की उपलब्धि


अथर्व ठाकुर | जयश अग्रवाल | मोनिश कुमार | आदित्य कैमल | अतुल्य पटेल | चित्रांश वर्मा | निखिल कुमार

मैत्री विद्या निकेतन के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स सेशन-I में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ट्विन सिटी भिलाई-दुर्ग का नाम गौरवान्वित किया है। अथर्व ठाकुर ने 99.97 परसेंटाइल प्राप्त कर भिलाई-दुर्ग टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस विद्यालय के ही जयश अग्रवाल 99.6 परसेंटाइल, मोनिश कुमार साहू 99.2 परसेंटाइल, आदित्य कैमल 98.54 परसेंटाइल, अतुल्य पटेल 93.8 परसेंटाइल, चित्रांश वर्मा 90.95 परसेंटाइल, निखिल कुमार साहू 90.8 परसेंटाइल प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय परिसर में उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "जेईई मेन्स सेशन-I में विद्यार्थियों का यह असाधारण प्रदर्शन मैत्री विद्या निकेतन की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत पर अत्यंत गर्व है।"

### आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड के स्टूडेंट का जेईई मेंस में अच्छा प्रदर्शन


विविध मौर्या | अक्शांत | मेहुल | अरूण | एस प्रसाद

**भिलाई।** आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली के स्टूडेंट का जेईई मेंस वर्ष 2026 में अच्छा प्रदर्शन रहा। विविध मौर्या ने नीट का विद्यार्थी है। मौर्या ने जेईई मेन्स की भी परीक्षा दी है। इस छात्र ने फिजिक्स में 99.64 और केमेस्ट्री में 99.25 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। कुल 98.46 पर्सेंटाइल लिया है। अक्शांत त्रिपाठी ने 97.93 , मेहुल ने 95.75, अरूण अग्रवाल ने 94.50 और एस प्रसाद एसटी वर्ग से 86.69 पर्सेंटाइल हासिल किया है। आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड इंस्टीट्यूट के संस्थापक शैलेन्द्र तिवारी तथा जितेन्द्र तिवारी ने छात्रों की मेहनत तथा लगन को सफलता का श्रेय दिया तथा बताया कि यहां प्रत्येक स्टूडेन्ट पर समान रूप से ध्यान दिया जाता है। 9वीं से लेकर 11वीं तक एडमिशन शुरू हो गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक की मौत

**निकुम/अंडा।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस मौके में पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। अंडा पुलिस ने बताया कि मृतक युवक का नाम शेखर निर्मलकर ग्राम रिसामा का रहने वाला है। रूप में हुई है। शेखर निर्मलकर अपने दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे युवक को गंभीर चोटें आईं। घायल को तुरंत अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान शेखर की मौत हो गई। थाना अंडा प्रभारी पारस ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है।

### नेवई और मरोदा क्षेत्र में कल नहीं खुलेगा नल

**भिलाई।** नपानि रिसाली के नेवई क्षेत्र स्थित 32 लाख लीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक का मरम्मत कार्य करने तीन दिनों का शट डाउन लिया जाएगा। 20 से 22 फरवरी तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से की जाएगी। सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में लिक होने की वजह से शट डाउन लिया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में वार्ड 16 बीआरपी कालोनी, वार्ड 17, वार्ड 18 , वार्ड 19 , वार्ड 20, वार्ड 21, वार्ड 32 नेवई भाटा, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम शामिल है।

## आदेश से असंतोष : महंगाई और वेतन वृद्धि के अनुसार दें एडवांस

# बीएसपी कर्मचारी बढ़ती महंगाई में मात्र पांच हजार रुपए में कैसे मनाएंगे त्योहार

### सीटू ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक से की पचास हजार फेस्टिवल एडवांस की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से फेस्टिवल एंडवांस में बढ़ोत्तरी का इंतजार कर रहे भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के हाथ निराशा लगी है। प्रबंधन द्वारा उम्मीद से काफी कम फेस्टिवल एडवांस राशि की घोषणा की गई है। सीटू यूनियन ने 50 हजार रुपए फेस्टिवल एडवांस दिए जाने की मांग की है। यूनियन के मुताबिक प्रबंधन के द्वारा फेस्टिवल एडवांस को लेकर जारी किए गए सर्कुलर में मात्र पांच हजार रुपए फेस्टिवल एंडवांस दिए जाने का उल्लेख है। सीटू ने बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के महाप्रबंधक विकास चंद्रा को कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र में फेस्टिवल एडवांस को 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किये जाने पर जोर दिया है। जीएम ने यूनियन को आश्वस्त किया कि पूर्व में भी आपके द्वारा फेस्टिवल एडवांस बढ़ाने की मांग पर कारपोरेट को भेजा गया था। इसके लिए उच्च स्तर पर निर्णय लेकर एडवांस वृद्धि के संबंध में सर्कुलर जारी किया जाना चाहिए। सीटू महासचिव टी जोगा राव ने कहा कि बीएसपी कर्मियों कर्मचारियों का फेस्टिवल एडवांस 2005 में शुरू हुआ। 2005 में 2 हजार रुपए दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए बाद 2009 में 5 हजार किया गया। लेकिन 2009 से यानी पिछले 17 सालों से फेस्टिवल एडवांस के रूप में 5 हजार रूपए दिया जा रहा है अब 18 वें साल में भी मात्र 5 हजार रुपए फेस्टिवल एडवांस देने के संबंध में प्रबंधन के जारी सर्कुलर से कर्मियों में निराशा व असंतोष है ।



#### रुपए का अवमूल्यन व महंगाई

यूनियन के मुताबिक प्रबंधन द्वारा एक समय अंतराल के बाद फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाई जाती रही है। पिछले 17 सालों में फेस्टिवल एडवांस में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है जबकि रुपए के अवमूल्यन के साथ स्कूल एवं कॉलेज की फीस से लेकर त्योहार मनाने सहित सभी खर्चों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ऐसे में प्रबंधन को फेस्टिवल एडवांस की राशि को 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किया जाना उचित होगा।

#### इच्छानुसार लें एडवांस

सीटू के सहायक महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि बीएसपी कर्मचारी का 2009 में मूल वेतन 7480 था, जो बढ़कर 2026 में 86600 हो गया है । मूल वेतन में 1150% यानी 11.5 गुना की वृद्धि हुई है । प्रबंधन को उसी अनुपात में यदि फेस्टिवल एडवांस की तुलना किया जाए तो 5 हजार रुपए को बढ़ाकर 50 हजार रुपए करना जरुरी है। इस राशि को कर्मियों द्वारा 10 किस्तों में वापस कर दिया जाता है। इस आशय का भी सर्कुलर जारी किया जाना चाहिए कि सभी कर्मी को 50 हजार एडवांस लेने की आवश्यकता नहीं है । कोई यदि चाहे तो 5 हजार से लेकर 50 हजार के बीच जितना लेना चाहेंगे उतनी राशि फेस्टिवल एडवांस के रूप में दिया जाएगा।

# प्रबंधन के विरुद्ध संघर्ष तेज करने का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीएकेएस की आम सभा
- समस्याओं के निदान के लिए प्रबंधन के विरुद्ध संघर्ष तेज करने का किया ऐलान

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आम सभा इंजीनियर्स भवन में हुई । सभा में वेज रीविजन, बोनस , एरियर , एनजेसीएस में सुधार, पीएसयू में पे रीविजन कमेटी का गठन , पे स्केल में सुधार, बीएसपी में .यूनियन मान्यता चुनाव व कर्मचारियों की लोकल समस्याओं पर चर्चा हुई । निर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए प्रबंधन के विरुद्ध संघर्ष तेज करने का ऐलान किया।

सभा में कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा ने आय व्यय का ब्यौरा दिया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के मुद्दे के हल कराने का वादा किया । अंत में समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले रक्तदाता अतुल सिंगरौल तथा एथलीट प्रवीण चाप्ले को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीएकेएस के अध्यक्ष अमर सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर कुमार , उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, महासचिव किशोर कुमार साव, उपमहासचिव नवीन ध्रुव , कोषाध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष टिकेंद्र पटेल , बोकारो बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम तथा महासचिव दिलीप कुमार , कार्यकारिणी समिति में संतोष कुमार, विजय बहादुर सिंह, कीर्तिजा बल्ली , टिका राम हेंब्रम, बलराम राणा , एल एन दास, सुनील शर्मा, निशांत सुर्यवंशी, ब्रजेश , दिनेश कुमार पांडेय, प्रवीण चापले आदि उपस्थित थे ।

### बजरंग दल पर गाली-गलौज करने का आरोप, निगम ने किया ठेला जब्त



**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में साल की तरह इस बार भी देव बलौदा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यहां दूर-दूर से लोग दुकान लगाने के लिए आए थे। दो दिनों तक चलने वाले इस मेले में दूसरे धर्म के लोगों ने भी दुकान लगाई। इसका बजरंग दल ने विरोध किया। जिसको लेकर जमकर विवाद हुआ। जानकारी के मुताबित महाशिवरात्रि मेले पर कुछ दूसरे समुदाय के लोग भी अपनी दुकान लगाने पहुंचे थे। इसकी सूचना पाकर वहां बजरंग दल के लोग पहुंचे। उन्होंने वहां दुकादारों से उनका धर्म पूछना शुरू किया। जब उन्हें पता चला कि दूसरे समाज के लोगों ने ठेला लगाया है तो उन्होंने विरोध करते हुए उनसे गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बजरंग दल ने आरोप लगाया है कि दूसरे व्यापारियों द्वारा दुकान लगाने को लेकर उन्होंने विरोध नहीं किया, बल्कि वो अपनी पहचान छिपाकर व्यापार कर रहे हैं, इसका विरोध किया गया है। पूरा विवाद एक गुपचुप चाट वाले से शुरू हुआ। उस ठेले का संचालक एक दूसरे धर्म का युवक कर रहा था। उसने अपने ठेले में अजीत चाट भंडार और जय माता दी लिखा था। एक बजरंगी ने जब ऑनलाइन पेमेंट किया और क्यूआर कोड स्कैन किया तो उसका नाम भाईजान चाट वाला आया। इस पर बजरंग दल के लोग भड़क गए और दूसरे दुकानदारों को हटवाना शुरू कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत भिलाई-चरोदा निगम से की, इसके बाद निगम ने कार्रवाई करते हुए उस ठेले को जब्त किया। वहीं गाली गलौज का वीडियो वायरल होने के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने बजरंगियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# ठेका श्रमिकों को जल्द मिले बोनस व लीव इन्कैशमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने की जीएम से चर्चा

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों के बकाया भुगतान को लेकर भिलाई इस्पात मजदूर संघ संघ के पदाधिकारियों ने संयंत्र के महाप्रबंधक विकास चन्द्रा से मिलकर ठेका खत्म होने के बाद भी श्रमिकों के लंबित बोनस, छुट्टी के नकदीकरण और रिट्रेंचमेंट राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है। भुगतान नहीं होने से मजदूरों में असंतोष है।

यूनियन के संयुक्त महामंत्री वशिष्ट वर्मा ने बताया कि ओएचपी विभाग, यादव ब्रदर्स इंजीनियरिंग व मैप इंजीनियरिंग विभाग व यूआरएम विभाग के तीन ठेकेदारों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। ज्ञापन में बताया कि यदि जल्द से जल्द श्रमिकों के खातों में बकाया राशि नहीं पहुंची, तो यूनियन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। महाप्रबंधक विकास चन्द्रा ने यूनियन को आश्वस्त किया है कि सभी तकनीकी पहलुओं की जाँच कर जल्द ही श्रमिकों का बकाया भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में विनोद उपाध्याय, हरिशंकर चतुर्वेदी, बसंत वर्मा व शारदा गुप्ता शामिल थे।

### एसएमएस 3 में राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 में कर्मचारियों के मध्य मिशन कर्मयोगी के प्रति जागरुक करने के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, डीके वार्ष्णेय, उप महाप्रबंधक यशवंत जौहरी आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री बैठा ने कहा कि यह पहल कर्मचारियों के क्षमता विकास, कार्यकुशलता एवं संगठनात्मक उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यशवंत जौहरी ने पोर्टल पर उपलब्ध मॉड्यूल, पंजीकरण प्रक्रिया, मूल्यांकन प्रणाली तथा समयबद्ध पूर्णता के महत्व को समझाया।

उप महाप्रबंधक कमल किशोर को कर्मयोगी पोर्टल के सभी छह मॉड्यूल सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा ने किया।

# बीएसपी में ओएसएचडब्ल्यूसी संहिता पर किया गया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विधि की बारिकियों से कार्मिकों को किया जागरूक

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बीएमडीसी में व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 पर उच्चस्तरीय संवादात्मक सह-प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।सभी मुख्य महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों की सक्रिय उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस नई संहिता के अंतर्गत सभी नियामक एवं विधिक प्रावधानों के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की कि वे विधि की बारीकियों को गंभीरता से समझें तथा प्राप्त ज्ञान को कार्यस्थल पर प्रभावी क्रियान्वयन में रूपांतरित करें।

क मुख्य महाप्रबंधक डी. सतपथी ने विभागाध्यक्षों से आह्वान किया कि कहा कि नई संहिता के प्रति सक्रिय एवं सकारात्मक दृष्टिकोण संगठन की सुरक्षा उत्कृष्टता यात्रा को नई दिशा प्रदान करेगा। मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक के रूप में सुप्रसिद्ध सुरक्षा विशेषज्ञ एके चतुर्वेदी संहिता, 2020 के प्रमुख प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं की जानकारी दी। अतिरिक्त महाप्रबंधक शोवन घोष ने सत्र का संचालन किया।



## निर्माण कार्य में शेष रह गए कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के दिए निर्देश

# आयुक्त ने किया विकास कार्यों एवं आवास योजनाओं का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 क्षेत्र का दौरा कर नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु प्रस्तावित स्थल और पूर्व निर्मित आवास कॉलोनियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जोन आयुक्त येशा लहरे एवं निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुक्त ने वैशाली नगर अंतर्गत घासीदास नगर में नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में शेष रह गए छोटे-मोटे कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि सेंटर का संचालन जल्द से जल्द सुचारू रूप से शुरू किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित रिक्त स्थलों का भी अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। आयुक्त ने भविष्य की कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईएचएसडीपी एवं वाम्बे आवास के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई निवासियों ने घरों के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है।



आयुक्त ने इस पर नाराजगी जताते हुए जोन आयुक्त को तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कॉलोनियों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को विशेष निर्देश दिए गए ताकि निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, उप अभियंता श्वेता वर्मा व चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



लाइव इवेंट

## छत्तीसगढ़ के बच्चों ने एंडूरियस स्केटिंग नेशनल गेम्स में लहराया परचम




**भिलाई।** पुणे में आयोजित एंडूरियस स्केटिंग नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के 22 बच्चों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को पूरे नेशनल गेम्स में तीसरा स्थान दिलाया। भिलाई से कई बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और उन्होंने कई मेडल्स जीते। अंडर 6 में सिया ने 1 ब्रॉन्ज, अबीर माखीजा ने 2 गोल्ड, अंडर-9 में अगस्त्य कुटेल ने 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीता। अंडर 14 में आकाश ने 2 ब्रॉन्ज और 1 गोल्ड मेडल, देवांश विश्वकर्मा ने 2 ब्रॉन्ज और 1 सिल्वर मेडल, खुशी चानपुरियी ने 1गोल्ड 1ब्रॉन्ज और 1 सिल्वर मेडल, और वाहिनीत कोर ने 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इन बच्चों की उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है और उन्हें इंटरनेशनल गेम्स के लिए चुना गया है, जो जून में मालदीव्स में आयोजित होगा। हम इन बच्चों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।




● परीक्षा के दौरान स्वस्थ रहने डायटिशियन ने दिए महत्वपूर्ण टिप्स

# मजबूत दिमाग के लिए सही आहार ही परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की कुंजी, न्यूट्रिशन के साथ बढ़ाएं बच्चों का मेटाबॉलिज्म

आने वाले कुछ दिन पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए थोड़ा टेंशन भरा होने वाला है। सीबीएसी बोर्ड दसवीं-बारहवीं की परिक्षाएं शुरु हो चुकी है तो वही सीजी बोर्ड के बोर्ड एग्जाम एकदम करीब हैं। वहीं होम एग्जाम भी शुरू होने वाले हैं और कही शुरु हो चुके है। ऐसे में पल-पल बदल रहे मौसम में पेरेंट्स के सामने बच्चों की सेहत की जिम्मेंदारी बढ़ गई है। एग्जाम के लिए जहां वे पढ़ाई में जुटकर रीविजन पर फोकस कर रहे हैं, वहीं वायरल सीजन से निपटने के लिए हेल्थ टिप्स भी अपना रहे हैं। डायटीशियन के अनुसार मजबूत दिमाग के लिए सही आहार ही परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की कुंजी है।।

**भिलाई।** घरों में मम्मियों ने डाइट चार्ट को तैयार किया है, जिस चार्ट में न्यूट्रिशन के साथ-साथ मेटाबॉलिज्म बढ़ाने की क्वॉलिटी भी रखी गई है। जब तक बच्चों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर नहीं होगी वह किसी भी फील्ड में बेस्ट परफॉर्मेंस नहीं दे पाएंगे। परीक्षा में अच्छे स्कोर के लिए सिर्फ दिन-रात पढ़ाई ही जरूरी नहीं है बल्कि इसके लिए बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य भी रहना जरूरी है। परीक्षा के दौरान स्वस्थ रहने बैलेंस्ड डाइट और बॉडी को डीहाईड्रेट रखना अति आवश्यक होता है। यह जानकारी डाइटीशियन डॉ रिचा जैन रामरिया ने बताई। डॉ. रिचा के अनुसार एग्जॉम के दौरान सभी माता-पिता को बच्चों की डाइट प्लान पर ध्यान देना चाहिए। डाईटीशियन ने बताया कि परीक्षा के दौरान बच्चों का खान पान क्या होना चाहिए।

### डाइट से सुधरेगा बच्चों का परीक्षा परिणाम



### रात में खाएं हल्का खाना

रात का खाना हल्का रखना चाहिए। इसमें मिक्स वेजिटेबल खिचड़ी, मिक्स वेजिटेबल मल्टीग्रेन दलिया, इडली सांभर, पनीर, भरवां डोसा चटनी, मौसमी सब्जी और दाल ले सकते हैं। परीक्षाओं के समय बच्चों को मसालेदार और ऑयली भोजन से परहेज करना चाहिए। बाहर का कुछ भी खाने से बचें

सबसे पहले परीक्षा के समय बाहर का खाना खाने से बचें। इससे आपकी सेहत ज्यादा फिट रहेगी। कई बार बाहर का खाना खाने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है, जिसका असर हमारी परीक्षा की तैयारी पर पड़ने लगता है ऐसे में बाहर न जाएं।

### गुनगुने पानी से करें दिन की शुरुवात

दिन की शुरुआत गुनगुने पानी के साथ करें। एक गिलास गुनगुने पानी (सौंफ या जीरे का पानी) पीएं। साथ ही भीगे हुए 5 बादाम, 2 अखरोट खाएं। सही मात्रा में पानी पीने से भोजन ठीक तरीके से पचता है और शरीर भी हाइड्रेटेड रहता है, इसलिए कम पानी पीने से चिड़चिड़ापन भी हो जाता है। आप चाहें तो पानी पीने के लिए अलार्म भी लगा सकते हैं। अलार्म बजते ही पानी पी लें।

### बैलेंस्ड डाइट पर ध्यान देकर ऐसा रहे डाइट चार्ट

डॉ रिचा के अनुसार डाइट चार्ट में ब्रेकफास्ट में जूस, दूध के साथ ब्रेड बटर या फिर स्प्राउट्स चीला, आटा, रागी ब्रेड के साथ मल्टीग्रेन आटा ब्रेड, मिक्स फ्रूट्स जूस और सैलेड, मिक्स वेजिटेबल्स सूप और ग्रीन वैजीस सैलड, ओट्स और दाल की मात्रा अधिक, रात में भिगोए हुए ड्राइफ्रूट्स, रोस्टेड ड्राईफ्रूट्स, थोड़े-थोड़े अंतराल में लेते रहना चाहिए।

### थोड़ा-थोड़ा ब्रेक लेकर खाएं

मौसम में पल-पल बदलाव हो रहे है। ऐसे में अपनी भूख के साथ बिल्कुल समझौता न करें। इसलिए जरूरी है कि नियमित अंतराल पर वे थोड़ा थोड़ा खाते रहें। इससे बच्चों को पढ़ाई के लिए ऊर्जा मिलती रहेगी। एक साथ भारी भोजन करने से बच्चों को पेट में दर्द या फिर पेट फूलने जैसी दिक्कत हो सकती है। एक साथ भोजन करने से उन्हें पढ़ाई के दौरान नींद भी आ सकती है।

### खूब पीये नारियल व नींबू पानी

डॉ रिचा ने कहा कि परीक्षा की तैयारी में घंटो बैठकर पढ़ाई के दौरान बच्चे अक्सर एक बड़ी गलती यह करते हैं कि वे पानी का सेवन कम करते हैं। इस सीजन में बॉडी का डीहाइड्रेट रखना बेहद जरुरी है इसलिए पढ़ाई के दौरान बीच बीच में पानी पीते रहे। इससे आपको एनर्जी मिलेगी और जब आप बोर होंगे तो पानी पीने से खुद को रिफ्रेश फील करेंगे। पेरेंट्स बच्चों को नारियल पानी या फिर नींबू पानी भी दे सकते हैं।

### बदलते मौसम में बच्चों को ना हो वायरल

मौसम बदलने से वायरल इन्फेक्शन के सीजन में सेहत ना खराब हो इसलिए हरी सब्जियों वाली डाइट ठीक रहेगी। जया दुबे ने बताया कि बच्चों के लिए ऐसा खाना तैयार किया जा रहा है, जो डाइजेशन सिस्टम को अच्छा रखे। इसके लिए ऑइल लेस और स्टीम फूड चुना है।

### डाइजेस्टिव फूड पर फोकस



डाइटिशियन डॉ रिचा जैन ने कहा कि एग्जाम के दौरान डाइट प्लान में ऐसा आहार दिया जाए जो डाइजेशन के लिए अच्छा हो। डायटिशियन कहना है कि कई बार बच्चे एग्जाम के समय में कम खाना खाते हैं, ताकि उन्हें नींद ना आए। ऐसे में बॉडी में जरूरी सप्लीमेंट्स नहीं मिल पाते। एग्जाम के समय में जल्दी डाइजेस्ट होने वाले खाने से नींद भी कम आती है और बॉडी में न्यूट्रिशन भी मिलता है।

### लिक्विड का सेवन अधिक करें



शकुंतला स्कूल रामनगर की शिक्षिका प्रीति साव ने कहा कि परीक्षा के दौरान पेरेन्ट्स इस बात का जरुर ध्यान रखें कि बच्वें इस समय लेट नाइट स्टडी के बजाय पर्याप्त नींद ले सकें और सुबह परीक्षा हाल में समय पर पहुंचे। बच्चों को हैवी डाइट की अपेक्षा तरल पदार्थ का सेवन अधिक करने दें। देर तक पढ़ाई करने के दौरान बीच-बीच में सूप, जूस, छाछ या फिर लस्सी ले सकते हैं। साथ ही बच्चे एग्जाम का टेंशन न लेकर आराम से ध्यान पूर्वक पढ़ाई करते है तो परिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते है।

लाइव इवेंट

## छात्रावास की बालिकाओं को दिया मार्गदर्शन, बच्चों को किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित संजीवनी बालिका छात्रावास में समग्र शिक्षा अभियान के तहत गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन द्वारा परीक्षा से पूर्व एक प्रेरणात्मक एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक मोटिवेशन, उपयोगी टिप्स तथा परीक्षा में सहायक आवश्यक सामग्री प्रदान करना था।

संस्था की ओर से इस अवसर पर व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान समग्र शिक्षा अभियान की सहायक जिला परियोजना समन्वयक सीता अग्रवाल, संजीवनी छात्रावास की अधीक्षिका धनेश्वरी साहू एवं लेखापाल ऋतु मेश्राम की उपस्थिति रही। जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लै, शुभगा सुरेश, डॉ. ज्योति पिल्लै, साक्षी पांडे, आदित्य नायक, अनामिका डे, अनु वर्मा, गीतिश महतो एवं प्रज्ञा ने छात्राओं को मार्गदर्शन किया। हाल ही में जीई फाउंडेशन की सदस्य साक्षी पांडे का चयन पीएम प्रेजेंटर के रूप में हुआ है, जिसके अंतर्गत उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान साक्षी पांडे ने युवा सशक्तिकरण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उनके द्वारा प्रस्तुत कुछ सुझावों की झलक केंद्रीय बजट 2026 में भी देखने को मिली, जो युवाओं की भागीदारी और सकारात्मक सोच का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना और शिक्षा के माध्यम से सशक्त समाज निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।



## पीनाक, गांडीव और परशुराम के फरसे का कथा में बताया महत्व, भजनों में झूमे भक्त

**भिलाई।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन उत्तर वसुंधरा नगर भिलाई तीन में दीनबंधु व शैल वर्मा द्वारा किया गया है। जिसके छठवें दिन युवा भागवताचार्य दिलीप त्रिपाठी ने द्वापर युग की कथा सुनाई। लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने की दृष्टि से आयोजित कथा में भागवताचार्य ने भगवान शंकर को द्वापर युग में दो बार नारी का रुप धारण कर कृष्ण की बाल लीलाएं देखने और उसमें सहभागी बनने की रोचक प्रसंग बताया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रथम बार उन्होंने कृष्ण के बाल रुप का दर्शन करने के लिए नारी का रूप धारण किया। दूसरी बार कृष्ण गोपियों के रास नृत्य का आनंद लेने के लिए भी गोपिका के रुप में शामिल होकर ब्रजमंडल के महारास नृत्य का आनंद लिया था। महर्षि दधीचि की विशेषता के बारे में बताते हुए कहा कि देवताओं ने उनके शरीर को कामधेनु गाय द्वारा चटवाकर अस्थियां प्राप्त की और उसे चार प्रकार के आयुध्र बनाए गए, जो पीनाक, गांडीव, परशुराम का फरसा और शिव के लिए बांसुरी है। इन्हें कभी भी जमीन पर नहीं रखने और उनकी महत्ता को विस्तार से बताया।



पूतना वध की कथा बताते हुए कथावाचक ने चौसठ कोस के भारी-भरकम शरीर वाली पूतना द्वारा बालक कृष्ण को उठा कर स्तनपान कराने तथा कृष्ण द्वारा एक घूंट में उसके सारे दूध और दूसरे घूंट में शरीर के पूरे रक्त को पी लिए जाने, उसके तड़पने, चीख-पुकार करने का अभिनय प्रदर्शन किया। कथा वाचक द्वारा लोक प्रचलित भजनों व संगीतकार के सुमधुर गायन-वादन से श्रद्घालु दोपहर से देर रात्रि तक प्रभु की भक्ति में लीन रहते है। लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने बताया कि कथावाचक पंडित दिलीप त्रिपाठी की कथा को सुनने आसपास सहित दूरदराज से भी लोग पहुंचे रहे है।

## 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई, कैट वॉक, म्यूजिकल चेयर, गुब्बारे फुलाना जैसे प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

**दुर्ग।** डीएवी मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल आर्यनगर में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल, सचिव संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव एवं शाला की प्राचार्या रम्मी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र व दीप प्रज्ज्वलित से हुआ। बारहवीं के विद्यार्थियों को, तिलक लगाकर अभिवादन किया गया। तत्पश्चात ग्यारवीं के विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर अपने सीनियर्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनीत बंसल ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों को अपने नैतिक दायित्व का निर्वाह करते हुए संस्कारवान तथा आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा क्लासिकल गाने पर भाव विभोर करने वाले नृत्य की प्रस्तुति की गई। विद्यार्थियों के द्वारा हास्य कविता की भी प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात




छात्र-छात्राओं के द्वारा शाला में अध्ययन के दौरान अपने अनुभव तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं के योगदान पर अपनी भावनाए व्यक्त की। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा कैट वॉक, म्यूजिकल चेयर, गुब्बारे फुलाना जैसे विभिन्न प्रतियोगिताए भी आयोजित की गई। वेस्टर्न डांस से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल उत्पन्न हो गया। संस्था के प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संधर्ष से कभी पीछे न रहने एवं मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सीख दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी टीम कर रही उत्कृष्ट प्रदर्शन

कार्नर न्यूज

## नेटबॉल महिला टीम ने लगातार 6 मैचों में हासिल की जीत, पहली बार ऑल इंडिया प्रतियोगिता में क्वालीफाई

**भिलाई।** कृष्णा विश्वविद्यालय आंध्रप्रदेश में 14 से 18. फरवरी तक आयोजित ऑल इंडिया नेटबॉल प्रतियोगिता में हेमंचद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की नेटबॉल महिला टीम लगातार 6 मैचों में जीत हासिल कर पहली बार क्वालीफाई की है। टीम के खिलाड़ियों का लगातार शानदान प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप और खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया।

### इन मैचों में हासिल की जीत

खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग की नेटबॉल टीम ने पहला मैच आचार्य नागार्जुना विश्वविद्यालय आंध्रप्रदेश को 57-9 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की। दूसरे मैच में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय, ग्वालियर से वॉक ओवर मिला, तीसरे मैच में कवयित्री बहिनाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगांव को 48-18 से पराजित की। वहीं चौथे मैच में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय केरल को 59-25 से पराजित किया। पांचवे मैच में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर 49-32 से, वही छठवें मैच में युनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली को 50-43 से पराजित कर प्रतियोगिता में पहली बार क्वालीफाई की है।






### 7 दिनों तक कोच से लिया विशेष प्रशिक्षण

दुर्ग की नेट बॉल की टीम में शामिल खिलाड़ी सोनम, मीशा, शिवांगी, हर्षिता, भूमिका, खुशी और योगिता ने जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।विश्वविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए नेटबॉल महिला टीम का 7 दिनों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया था। प्रतियोगिता में टीम के मैनेजर मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई की क्रीड़ाधिकारी मौसमी ठाकुर और कोच मनोज साहू के मार्गदर्शन में टीम के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। नेटबॉल महिला टीम के जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के अधिकारी डॉ. राजमणि पटेल, डॉ. नीलू श्रीवास्तव, ममता अवस्थी, राजेन्द्र चौहान, हिमांशु मण्डावी, दिग्विजय के साथ विश्वविद्यालय क्रीड़ासमिति के सदस्य डॉ. अजय सिंह, डॉ. अल्का मेश्राम, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे और अरूण चैधरी तथा शहीद राजीव पांडे से आवार्डेड नेटबॉल गोल्ड मेडलिस्ट सीनियर नेशनल खिलाड़ी मोहन राव ने शुभकामनाएं दी।

सिटी इवेंट

## दुर्ग में विशेष ध्यान साधना शिविर 20 से, देशभर से जुटेंगे क्रियायोगी



**दुर्ग ।** प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा 20 से 25 फरवरी तक आयोजित विशेष ध्यान साधना शिविर में देशभर से क्रियायोगी जुटेंगे। यह पांच दिवसीय शिविर आदर्श नगर स्थित चौपड़ा पैलेस में आयोजित किया गया है। शिविर में क्रियायोग के विश्वगुरु स्वामी परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज पधारेंगे। उनका तीसरी बार दुर्ग में आगमन हो रहा है। गुरुदेव शिविर में क्रियायोगियों को विशेष ध्यान साधना की टेकनिक बताएंगे और प्रतिदिन क्रियायोग भगवद्गीता के प्रवचन के माध्यम से क्रियायोगियों का मार्गदर्शन करेंगे। शिविर में गुरुदेव द्वारा 108 दीक्षार्थियों को दीक्षा दिलाई जाएगी। यह दीक्षा समारोह संख्या की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में पहला बड़ा दीक्षा समारोह है। दुर्ग प्रवास के दौरान गुरुदेव स्वामी परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज विद्यार्थियों और एसटीएफ बघेरा के जवानों से सीधे संवाद करेंगे। जहां विद्यार्थियों को वे परीक्षा के दौरान तनाव से दूर रहने के टिप्स देंगे, वहीं जवानों को तनावमुक्ति का समाधान बताएंगे। गुरुदेव राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी पुलगांव और भिलाई स्थित जगन्नाथ मंदिर भी जाएंगे। यहां वे श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। विशेष ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे स्वामी परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। इस दौरान अन्य अतिथि व वरिष्ठ क्रियायोगी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे।

क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर की संचालिका स्वामी धरानंदगिरि, अध्यक्ष टीके कुम्भज, सचिव युवराज देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश वर्मा, गजानंद गौतम, गंगाधर ठाकरे, प्रहलाद त्रिवेदी, हरीश हरवानी ने बताया कि 20 फरवरी को दोपहर 3 बजे जनता मार्केट पद्मनाभपुर से आश्रम तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। सद्गुरु पादुका-पूजन किया जाएगा। 21 फरवरी को सुबह 6 बजे गुरु वंदना, सुबह 10 बजे अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर पांच दिवसीय शिविर का शुभारंभ होगा। इस दिन संध्या 6 से 7 बजे तक गुरुदेव द्वारा क्रियायोग भगवद्गीता पर प्रवचन दिया जाएगा। तत्पश्चात गुरुदेव महाप्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-06 जाएंगे। यहां वे शाम 7:15 से रात्रि 8 बजे तक प्रवचन देंगे। 22 फरवरी को प्रातः 7.30 से 11 बजे तक गुरुदेव द्वारा 108 नए दीक्षार्थियों को दीक्षा दिलाएंगे। शाम 6 से रात्रि 7 बजे तक क्रियायोग भगवत गीता का प्रवचन तथा शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक राधाकृष्ण मंदिर महेश कालोनी में गुरुदेव की अमृतवाणी होगी। 23 फरवरी को प्रातः 9 से 10:30 बजे तक प्रवचन तथा दोपहर 3-4 बजे तक एसटीएफ कालोनी बघेरा में जवानों का मार्गदर्शन करेंगे। शाम 6 से 7 बजे तक गीता प्रवचन होगा। 24 फरवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10 बजे तक गुरुदेव द्वारा सत्संग तथा संध्या 6 से संध्या 7 बजे तक प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 25 फरवरी को प्रातः 6 से प्रातः 7 बजे तक गुरुवंदना एवं निर्देशित ध्यान तथा प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक समापन कार्यक्रम एवं होली उत्सव का आयोजन किया गया है।

धर्म लाइव

## सुदामा चरित्र में कहा-संकट में जो साथ दे वहीं सच्चा मित्र





**दुर्ग।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम बटरेल में आयोजित किया गया है। आठे परिवार द्वारा आयोजित कथा के 6वें दिन डोंगरगढ़ रांका वाले कथावाचक पंडित तिलेंद्र महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। जिसे सुन भक्त भाव-विभोर हो उठे। इस दौरान छत्तीसगढ़ी गीत और जसगीत सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। कथा सुनाते हुए पंडित तिलेंद्र ने कहा कि संकट में जो साथ दे वहीं सच्चा मित्र है। क्रोध में कभी कोई काम नहीं करना चाहिए और जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

कथा में आगे पंडित तिलेंद्र महाराज ने कहा कि बच्चों को जन्म देने के बाद अच्छे संस्कार दोगे तभी अच्छे माता, पिता कहलाओगे। दूसरे की संपत्ति देखकर लालच नहीं करना चाहिए। किसी का दिल दुखाकर अपना घर नहीं बनाना चाहिए। संपत्ति इतना कमाना की परिवार न टूटे। उन्होंने आगे कहा कि गलत काम नहीं किया है तो किसी से डरने की बात नहीं है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। इस दौरान कृष्ण भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथावाचक तिलेंद्र महाराज ने छत्तीसगढ़ी गीत एवं जसगीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कथा में नकुल आठे, सहदेव आठे, महेंद्र आठे, रेवा आठे, बल्लू आठे, भेष आठे, ऐमन आठे, प्राण आठे, गिरीश साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति, मिला पुरस्कार



**जामुल।** आदर्श कर्मा शिक्षण समिति जामुल में संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व रंगारंग कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उन बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शाला के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें स्वागत गीत, राज्य गीत, सरस्वती वंदन एवं सामूहिक डांस आदि प्रमुख रहे। छत्तीसगढ़ की विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं पर स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुत दी गई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जामुल नगर की पूर्व पालिका अध्यक्ष व पार्षद सरोजनी चन्द्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजन से छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आती है। बच्चों ने साल भर में शाला में क्या-क्या सीखा इसकी जानकारी पालकों को भी होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में पार्षद अश्वनी लेखराम साहू, नगर साहू समाज अध्यक्ष जनक राम साहू, शाला अध्यक्ष सन्तूराम साहू, संरक्षक जेआर साहू, परदेशीराम साहू, उमेशचन्द्र साहू, गिरधारी लाल साहू, डीएस साहू, कौशल साहू, केदार राम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

लायंस क्लब भिलाई पिनाकल की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की हुई आधिकारिक यात्रा

# मिशन जिंदगी में मिला व्हीलचेयर, आटा बैंक से राशन यूनिफार्म, स्टेशनरी और मिल्क पाकर खिल उठे चेहरे

भिलाई। समाज सेवा के भाव से संचालित हो रहे लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा समय-समय पर सेवा कार्य किये जाते रहते है। इसी कड़ी में क्लब के कई स्थाई प्रोजेक्ट मिशन जिंदगी के अंतर्गत जरुरतमंदों को व्हीलचेयर, बैसाखी और वॉकिंग स्टिक और आटा बैंक के तहत राशन व फल दिया गया। इस दौरान स्कूली बच्चें यूनिफार्म, स्टेशनरी, शूज व बॉर्नविटा मिल्क पाकर खुशी से झूम उठे, साथ ही ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को म्यूजिक स्टूमेंट आदि का वितरण किया गया। लायंस क्लब भिलाई पिनाकल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल और रीजन चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा की अधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। अध्यक्ष अंजना विनायक ने बताया कि गवर्नर विजय अग्रवाल और रेखा अग्रवाल का स्वागत लायंस क्लब पिनाकल और लियो क्लब द्वारा सामूहिक रुप से नेहरू नगर गुरुद्वारा में किया गया।



### वृद्धजनों को बांटे यूटिलिटी किट और राशन

यात्रा के दौरान मेडिसिन बैंक, डायबिटीज स्क्रीनिंग सेंटर का अवलोकन कर मिशन जिंदगी के तहत व्हीलचेयर बैसाखी और वॉकिंग स्टिक प्रदान किया। जिसके बाद संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान रीजन चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा और शोभा शर्मा, रीजन सचिव प्रकाश सांखला और रेविका बेदी उपस्थित रहे। सचिव निधि कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सभी रामशिला की कुटिया वृद्धा आश्रम पहुंचे और वृद्धजनों को यूटिलिटी किट राशन, फल आदि प्रदान किया गया। सात ही सरकारी माध्यमिक शाला में पढ़ने वाले छोटे विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और शूज प्रदान कर सभी छात्रों को बॉर्नविटा मिल्क दिया गया। जामुल विद्यालय में ब्लाइंड बच्चों को ग्रॉसरी और म्यूजिकल ड्रम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा प्रदान किया गया।





### प्रौढ़ शिक्षा प्रतियोगिता में विजेता पुरस्कृत

क्लब द्वारा सत्र-2025 में नेहरू नगर में लायंस चौक का अवलोकन किया गया। भिलाई पिनाकल की रश्मि लखोटिया ने बताया कि इसके अलावा क्लब के परमानेंट प्रोजेक्ट भी चलते हैं जिसमें लायंस आटा बैंक, लायंस विजन सेंटर, लायंस प्रौढ़ शिक्षा केंद्र में जाकर अतिथियों ने व्यवस्था देखी। प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की शिक्षित सभी महिलाओं को विश्व साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कविता पाठ और अन्य प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय तृतीय सभी को सांत्वना पुरस्कार देकर शिक्षिका का सम्मान भी क्लब गवर्नर द्वारा किया गया। साथी प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोजगार के लिए जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन और छात्रा को लैपटॉप, क्लब द्वारा संचालित आटा बैंक से बीपीएल कार्ड वालों को आटा प्रदान किया गया। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत संध्या अग्रवाल ने की। सचिव निधि कुमार ने प्रतिवेदन पढ़ा, कोषाध्यक्ष शालिनी सोनी ने आय-व्यय प्रस्तुत किया और सुब्रता नागपाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष नीलिमा दीक्षित, डॉ. वैशाली भगत, मीना सिंह, उर्मिला टावरी, क्लब सदस्य डॉ अर्चना झा, उषा चक्रवर्ती, प्रिया रस्तोगी, अंजना श्रीवास्तव, शोभा डोगरा, हेमा दानी, ज्योति अग्रवाल, रीना बनर्जी, शीना शेखर, रश्मि गेडाम, सुषमा दुबे, मीरा शर्मा, नम्रता चाने सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

धार्मिक आयोजन

## सत्तीचौरा मंदिर में अभिषेक कर 108 थाल से की महाआरती और जमकर हुई आतिशबाजी





**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा दुर्ग में माता की विशाल प्रतिमा के प्राणप्रतिष्ठा को 16 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन आयोजित किये गए। समिति के विजय गुप्ता पिंकी ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 9 बजे मंदिर के मुख्य पुजारी सुनील पांडेय द्वारा माता का विभिन्न औषधियों एवं सामग्री से महाअभिषेक, हवन, पूजन एवं आरती कराई गई। जिसमें प्रज्ञा राहुल शर्मा, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, इंद्राणी कुलेश्वर साहु मुख्य यजमान थे। शाम को सत्तीचौरा में स्थित सत्तीश्वर महादेव का अभिषेक 108 पूजा थाल और 108 दीपों से माता की महाआरती की गई। जिसके बाद खिचड़ी, हलवा, मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद आकर्षक आतिशबाजी मंदिर परिसर में की गई। समिति के सदस्य देर रात तक मधुर भजनों के में नाचते-गाते रहे। स्थापना दिवस पर रात 8 बजे जन समर्पण सेवा संस्था के माध्यम से दुर्ग रेल्वे स्टेशन में समिति के सभी सदस्य उपस्थित होकर 200 गरीब, असहाय, विकलांग एवं जरूरतमंदों को भोजन, मिठाई और नमकीन का वितरण किया गया। मंदिर समिति ने बताया कि मां दुर्गा मंदिर का 16 वार्षिक उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी की जा रही है, मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर्व के लिए ज्योति कलश की बुकिंग भी शुरु कर दी गई है। कार्यक्रम में अशोक राठी, राजेश शर्मा, योगेन्द्र शर्मा बंटी, नरेंद्र शर्मा, घनश्याम पंड्या, मनीष सेन, निर्मल शर्मा, दीपक चावड़ा, प्रवीण गर्ग, ललित शर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

विधि विधान से पूजा-अर्चना

## सोमेश्वर महादेव मंदिर में मनी महाशिवरात्रि, रेखराम हुए शामिल



**जामुल ।** नगर पालिका जामुल के वार्ड-4 पुरैना तालाब स्थित महादेव सोमेश्वर मंदिर में पूरे रीति रिवाज से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला।

समिति के पदाधिकारियों व भक्तों द्वारा सप्ताह से तैयारी में जुटे रहे। मुख्य पुजारी पंडित कमोद पांडे ने मंत्रों का जाप किया, फिर जल, दूध, दही शहद, मिश्री गुड़ और घी से अभिषेक किया। अभिषेक के बाद हवन और महाप्रसादी का भी श्रद्धालुओं ने भंडारे का रसपान किया। कार्यक्रम में मंदिर के संरक्षक व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने अभिषेक कार्यक्रम में उपस्थित होकर जामुल नगर की खुशहाली और सम्पन्नता के लिए महादेव से प्रार्थना कर आशीर्वाद मांगा।

पूजा में मुख्य रूप से तोपलाल वर्मा व समिति के कार्यकारणी अध्यक्ष जगदीश देवांगन, चंद्रिका प्रसाद कौशिक, मंडल अध्यक्ष व समिति के सदस्य प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, केशव कौशिक, गोवर्धन साहू, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, देवलाल साहू, जीवन साहू, प्रह्लाद जंघेल, गुरु खुमान कौशिक, दयालु जंघेल आदि मौजूद थे।

भगवान शंकर और माता पार्वती की निकाली बारात, श्रद्धालु हुए शामिल

कार्नर न्यूज



## तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का हुआ समापन, निषाद समाज ने निकाली शोभायात्रा

**भिलाई।** पाली निषाद समाज द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय आयोजित मेला एवं लक्ष्मण झूला लोकार्पण कार्यक्रम में दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ निषाद समाज के विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। निषाद समाज द्वारा ठकुराइन टोला में हर वर्ष महाशिवरात्रि का मेला आयोजित होता है। यह प्राचीन मंदिर निषाद समाज द्वारा एक एक रुपए देकर इस मंदिर को खारुन नदी के किनारे निर्मित किया गया था। यहां महाशिवरात्रि का मेला पुरखों द्वारा कराईं जाती थी यहां अब तक चलती आ रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद शामिल थे इसके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सह संयोजक मछुआ प्रकोष्ठ आनंद निषाद, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं जिला बीजापुर अध्यक्ष कोमल देव निषाद, प्रदेश संगठन सचिव गिरधर निषाद जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद महिला सचिव मीना निषाद, दुर्ग जिला महिला सचिव सुमन निषाद, दुर्ग जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा वीरेंद्र कुमार निषाद शामिल हुए।





### मनमोहक झांकियों के साथ निकली बारात

कार्यक्रम की शुरुआत में गाजे-बाजे के साथ मनमोहक झांकियों के साथ भगवान शंकर और माता पार्वती की बारात निकली गई, साथ ही यज्ञ व अनुष्ठान किये गए। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद ने कहा कि समाज के इतिहास को समझने और निषाद समाज को जल, जंगल, जमीन पर रक्षा करने वाला समाज कहा। राजस्थान कोटा में भी भूतेश्वर महादेव मंदिर एवं छत्तीसगढ़ सहित भारत में कई प्राचीन मंदिरों में मछुआरा समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर निषाद समाज परिक्षेत्र ठकुराइन टोला अध्यक्ष मनोहर निषाद, उपाध्यक्ष तिलेश्वर निषाद व गजेंद्र निषाद, सचिव सभाराम निषाद, कोषाध्यक्ष रामेश्वर निषाद, सह कोषाध्यक्ष लवकुमार निषाद, संरक्षक श्यामलाल निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश निषाद, उपाध्यक्ष कृष्णा निषाद, सचिव दानेश्वर निषाद, कोषाध्यक्ष सुरेश निषाद, संरक्षक धरमसिंह निषाद, पूर्व अध्यक्ष विष्णु राम निषाद, रामानंद निषाद, संतोष निषाद, नरहरी निषाद, खेलान निषाद सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सिटी स्पोर्ट्स

## वनडे क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत प्रीति प्लेयर ऑफ द मैच



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच 16 फरवरी को बडौदरा में अरुणाचल प्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की लगातार रिकार्ड छठवीं जीत, अरुणाचल प्रदेश को 8 विकेट से हराया। अरुणाचल प्रदेष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अरुणाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 48.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 102 रन बनाये। अरुणाचल प्रदेश की ओर से नबाम यपु ने 42 रन तथा अर्चिता पवार ने 31 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त चित्रांजलि ने 13 रन का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से मेहक नरवसे ने 4 विकेट, अदिति पनवार ने 3 विकेट, प्रीति यादव तथा उर्मिला हरिना ने 1-1 विकेट लिए। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 8.3 ओवरों में 2 विकेट खोकर 103 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रीति यादव ने 50 रन, शिल्पा साहू ने 27 नाबाद रन व कप्तान कृति गुप्ता ने नाबाद 20 रनों का योगदान दिया। अरुणाचल प्रदेश की ओर से चुखु अनाम ने 2 विकेट, प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 8 विकेट से जीत लिया। प्रीति यादव प्लेयर ऑफ द मैच बनीं ।

## अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग में नन्हीं खिलाड़ियों ने किया कमाल



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में एमबी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने क्षेत्र का मान बढ़ाया। नई दिल्ली स्थित केडी जाधव इनडोर स्टेडियम आईजी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 04 फरवरी से 08 फरवरी तक आयोजित 5 वें भारतीय ओपन अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग कप में एमबी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में तृति सिंह (वजन श्रेणी -28 किग्रा, कम उम्र की खिलाड़ी 9 वर्ष) ने क्रिएटिव फार्म हार्ड स्टाइल (सीएफएचएस) में स्वर्ण पदक तथा प्वाइंट फाइट में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं श्लोक झा (वजन श्रेणी -37 किग्रा, कम उम्र की खिलाड़ी 10 वर्ष) ने भी क्रिएटिव फार्म हार्ड स्टाइल (सीएफएचएस) में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप क्रिकेट के दोनों मुकाबले हुए ड्रॉ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच के तीसरे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबला देखने को मिला। आरडीसीए रायपुर में टीम बीएसपी विरुद्ध बस्तर के बीच मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढत के आधार पर बीएसपी की टीम ने एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। बल्लेबाजी में बस्तर टीम पहली पारी में कल के अपने स्कोर छह विकेट पर 175 रन से आगे खेलते हुए 197 रन पर आउट हो गई। अब्दुल अनस खान ने 54 रन और सौरभ मजूमदार ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के समरप्रीत ने चार, भविष्य थपियाल ने दो, वैभव साहू कार्तिक नायडू एवं पियूष पिल्ले ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 122 रन बनाए। संगीत सोनी ने नॉट आउट 37 रन, जसविंदर सिंह गिल ने नॉट आउट 23 रन, रीजन कप्तान वैभव साहू ने 36 रन और सत्य विकास ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में बस्तर के आदित्य सिंह ने दो विकेट एवं उत्कर्ष ने एक विकेट लिए।


दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम दुर्ग विरुद्ध राजनांदगांव में मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर राजनांदगांव की टीम ने एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में अपने कल के स्कोर 8 विकेट पर 208 रन से आगे खेलते हुए 211 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने दूसरी पारी तीन विकेट पर 129 रन बनाए। उपेंद्र मरकाम ने नॉट आउट 46 रन, वी.बालाजी राव ने नॉट आउट 25 रन और वैदिक मधुकर ने 20 रन बनाएं। गेंदबाजी में दुर्ग के कृष मैत्री, विक्रांत सिंह राजपूत एवं जितेश चौहान ने एक-एक विकेट लिए। सीनियर वर्ग के एलिट ग्रुप के चार दिवसीय मैच 21 फरवरी से प्रारंभ हो रहे हैं।

### कोलेस्ट्रॉल को लेकर भ्रांतियां ज्यादा

# अब आम हो चुकी है कोलेस्ट्रॉल की समस्या, इससे जुड़े हुए मिथक और सच्चाई के बारे में जरूर जानिए

कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बने रहना हृदय की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हम सभी रोज कोलेस्ट्रॉल के बारे में सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप वास्तव में कोलेस्ट्रॉल से परिचित हैं। आइए कुछ ऐसे ही मिथ्स के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर लोग सही मानते रहे हैं।


हाई कोलेस्ट्रॉल मौजूदा समय की सबसे आम समस्याओं में से एक है। वयस्क हों या बुजुर्ग यहां तक कि 20 से कम उम्र के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत देखी जा रही है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बने रहना हृदय की गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉक्टर कहते हैं, भले ही कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही अक्सर हम सभी चिंतित हो जाते हैं पर असल में कोलेस्ट्रॉल इतना भी बुरा नहीं है। शरीर को ठीक से काम करते रहने के लिए कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, पर जब इसका स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है तो ये गंभीर समस्याओं को बढ़ाने लगती है। कोलेस्ट्रॉल एक मोम जैसा फैट होता है जो सेल मेंब्रेन और कई हार्मोन्स बनाने के साथ भोजन को पचाने में मदद करता है। हालांकि जब रक्त में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने लगता है तो इससे कई



प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी रोज कोलेस्ट्रॉल के बारे में सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप वास्तव में कोलेस्ट्रॉल से परिचित हैं। आइए कुछ ऐसे ही मिथक के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर लोग सही मानते रहे हैं।

### मिथकः कोलेस्ट्रॉल मतलब सेहत के लिए खतरा


स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही सबसे पहला ख्याल यही आता है कि कोलेस्ट्रॉल मतलब सेहत के लिए खतरा। पर वास्तव में कोलेस्ट्रॉल इतना भी बुरा नहीं है।



कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है- बैड और गुड। गुड कोलेस्ट्रॉल शरीर की कोशिकाओं, हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन) और विटामिन-डी के निर्माण में मदद करता है। संतुलित मात्रा में कोलेस्ट्रॉल शरीर के सुचारू कार्य के लिए आवश्यक होता है। हालांकि अगर इसकी मात्रा अक्सर सामान्य से अधिक बनी रहता है तो निश्चित ही ये सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

### मिथक- मांसाहारी लोगों को कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत ज्यादा होती है

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का कहना है कि भोजन से प्रतिदिन 300 मिलीग्राम से कम कोलेस्ट्रॉल प्राप्त करना चाहिए। संतृप्त वसा यानी सैचुरेटेड फैट इसका बड़ा कारण माना जाता है। रेड मीट, मक्खन और फुल फैट वाले डेयरी उत्पाद में सैचुरेटेड फैट की अधिकता होती है। एक अंडे में 186 मिलीग्राम तक कोलेस्ट्रॉल और सिर्फ 1.6



ग्राम सैचुरेटेड फैट होता है। शाकाहारी हो या मांसाहारी किसी को भी कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत हो सकती है इसलिए आहार को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

### मिथक- कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है तो ये सिर्फ दवा से ठीक होगा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल को चूंकि हृदय रोगों और हार्ट अटैक का कारण माना जाता रहा है इसलिए अक्सर लोग चिंतित रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आपको दवाओं का जरूरत होती है पर अगर ये बहुत ज्यादा नहीं है और आपको हार्ट से संबंधित बीमारियां नहीं हैं तो जीवनशैली में बदलाव से भी लाभ मिल सकता है। दवाओं के साथ-साथ स्वस्थ खान-पान, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन की मदद से भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। मिथक- केवल 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए।

## अनार के छिलके को फेंके नहीं इस तरह से कर लें इस्तेमाल

क्या आपको पता है कि अनार के छिलके कितने सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। आप इन्हें फेंकने के बजाय कई सारी रेसिपीज तैयार कर सकते हैं। आइए जानते हैं अनार के छिलकों से बनने वाली कुछ बेहतरीन रेसिपीज के बारे में।

अक्सर अनार खाने के बाद उसके छिलकों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनका इस्तेमाल कई तरह के स्वादिष्ट और सेहतमंद व्यंजनों में किया जा सकता है? अनार के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और प्राकृतिक फ्लेवोनॉयड्स होते हैं, जो न केवल आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि खाने में एक अनोखा स्वाद भी जोड़ते हैं। आप इन छिलकों को सुखाकर पाउडर बना सकते हैं, जिसे करी, चटनी और दाल में मिलाकर एक हल्का खट्टा स्वाद दिया जा सकता है। कई लोग अनार के छिलकों का उपयोग हर्बल चाय बनाने में भी करते हैं, जो पाचन में सुधार लाने और इम्युनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है। इसके अलावा, इन्हें मांस को मैरीनेट करने, ग्रेवी में गाढ़ापन लाने और कुछ विशेष मसालों के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है।

अगर आप किचन में कुछ नया और हेल्दी ट्राई करना चाहते हैं, तो अनार के छिलकों को फेंकने के बजाय उन्हें अपनी रेसिपीज में शामिल करें। यह न सिर्फ आपके खाने के स्वाद को बढ़ाएगा, बल्कि पोषण से भी भरपूर होगा!

### अनार के छिलके की चाय

आपकी रेगुलर ब्लैक टी से अलग यह चाय आपके लिए फायदेमंद होगी। इसे बनाना भी उतना आसान है, जितना आप ब्लैक टी बनाते हैं।



### चाय बनाने का तरीका-

सबसे पहले अनार के छिलकों को अच्छे से धोकर धूप में सुखा लें। एक पैन में 2 कप पानी लें और उसमें सूखे छिलके डालें। इसे मध्यम आंच पर 5-7 मिनट तक उबालें। गैस बंद करके चाय को छान लें और इसमें शहद और नींबू का रस मिलाएं। गर्मागर्म हर्बल चाय का आनंद लें, जो आपकी पाचन क्रिया को बेहतर बनाएगी और इम्युनिटी बढ़ाएगी।

### अनार के छिलके की चटनी

धनिया और पुदीना की चटनी खाकर बोर हो गए हों, तो अनार के छिलके से चटनी बनाकर देखें। छिलके का स्वाद इसे फ्लेवरफुल बनाएगा, आइए रेसिपी जानें-

### चटनी बनाने का तरीका-

अनार के छिलकों को हल्का-सा भून लें ताकि उनका कड़वापन कम हो जाए। एक मिक्सर में छिलके, लहसुन, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और जीरा पाउडर डालें। थोड़ा पानी डालकर इसे पीस लें और स्मूथ चटनी बना लें।

## रात में घर से बाहर नहीं सुखाने चाहिए बच्चों के कपड़े



भारतीय परंपराओं और मान्यताओं में कई ऐसी बातें कही गई हैं, जिनका वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों आधार होते हैं। इन्हीं में से एक मान्यता यह भी है कि रात में बच्चों के कपड़े बाहर नहीं सुखाने चाहिए। यह बात सुनने में अजीब लग सकती है, लेकिन इसके पीछे धार्मिक, ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारण बताए जाते हैं। आइए जानते हैं, आखिर क्यों यह परंपरा प्रचलित है और इसके पीछे की मान्यता क्या कहती है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि काले रंग के सामान को रखने के दौरान किन नियमों का पालन करना जरूरी है।

### धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यता

**नकारात्मक ऊर्जा का प्रभावः** हिंदू धर्म में यह माना जाता है कि रात के समय नकारात्मक शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं। ऐसे में अगर बच्चों के कपड़े बाहर सुखाए जाते हैं, तो उन पर बुरी शक्तियों या नकारात्मक ऊर्जा का असर हो सकता है, जो बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन पर बुरा प्रभाव डाल सकता है।

**भूत-प्रेत और नजर दोषः** कुछ मान्यताओं के अनुसार, बच्चों को बुरी नज़र जल्दी लगती है। रात के समय खुले में रखी चीजों पर नकारात्मक शक्तियां हावी हो सकती हैं, जिससे बच्चे बीमार हो सकते हैं या उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ सकता है।

**चंद्रमा और ग्रहों का प्रभावः** ज्योतिष शास्त्र में कहा जाता है कि चंद्रमा की ऊर्जा रात के समय अधिक प्रभावी होती है। अगर बच्चों के कपड़े खुले में पड़े रहते हैं, तो उन पर ऐसी ऊर्जा का प्रभाव हो सकता है।




## बच्चों का मानसिक विकास रोक रहा सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन है। चाहे वह 5 साल का बच्चा ही क्यों ना हो, धड़ल्ले से सोशल मीडिया का इस्तेमाल हो रहा है। अब सवाल है कि क्या सोशल मीडिया बच्चों की मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है? अगर हां तो कैसे

डिजिटल युग में आजकल हर किसी के हाथ में मोबाइल फोन है। चाहे वो 5 साल का बच्चा ही क्यों न हो। माता पिता भी खुद को फ्री रखने के लिए बच्चों को समय से पहले फोन पकड़ा देते हैं। धीरे-धीरे बच्चे इसके आदी हो जाते हैं। कम उम्र में ही सोशल मीडिया पर समय बिताने लगते हैं,फिर चाह कर भी यह आदत छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। इससे ना सिर्फ शारीरिक तौर पर बच्चों को नुकसान होता है बल्कि मेंटल हेल्थ और ग्रोथ दोनों ही प्रभावित होती है। विषय विशेषज्ञ डॉ. हिमानी नरूला खन्ना इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

एक्सपर्ट बताती हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल बच्चों के ध्यान कंद्रित करने की क्षमता पर असर डालता है। सोशल मीडिया पर घंटो विजुअल्स देखने के बाद बच्चे लंबे समय



तक किसी भी काम पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इससे उनकी कॉन्सेंट्रेशन पावर घटती है।,जिससे स्कूल में पढ़ाई पर भी असर पड़ सकता है।

जब बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा वक्त बिताते हैं,तो उनकी सीधी बातचीत यानी फेस टू फेस कॉम्यूनिकेशन कम हो जाती है। इससे उनकी भाषा और बातचीत की क्षमता प्रभावित होती है, क्योंकि वे बॉडी लैंग्वेज और चेहरे के भाव को समझने में कमजोर हो जाते हैं।

सोशल मीडाया पर दिखाए जाने वाले कंटेट बच्चों के व्यवहार पर असर डालते हैं। इससे उनमें आक्रामकता बढ़ सकती है। इसस वह असल जिंदगी में गुस्सैल और चिड़चिड़े हो सकते हैं।

सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाली ऐसी कई चीजों पर यकीन कर लेते हैं,जिनका रियल लाइफ से कोई नाता ही नहीं होता है। असल जिंदगी में भी वे ऐसा ही चाहते हैं, और जब चीजें उस तरह से नहीं होती है, तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी समस्या बचपन से ही शुरू हो जाती है। इससे उनकी मेंटल हेल्थ खराब हो जाती है।

### ऐसे रखें ध्यान

बच्चों की स्क्रीन टाइम को संतुलित करें। उन्हें रियल लाइफ से रूबरू कराएं। असली दुनिया की गतिविधियों में शामिल करें जैसे आउटडोर गेम्स, किताबे पढ़ना, आर्ट, सोशल मीडिया पर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा एक्सपोजर को सीमित करें।



कार्नर न्यूज

### सोलो डेट प्लान कीजिए और खुश रहिए

# खुद से प्यार करते हैं तो अपनाइए सोलो डाइनिंग मौजूदा दौर में लोगों के बीच ट्रेंड हो रहा नया चलन

सोलो डाइनिंग में आप खुद से प्यार करते हैं और अपनी पसंदीदा डिश के साथ कुछ पल इंजॉय करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सोलो डेट प्लान कर रहे हैं, तो यह काम हम आपके लिए आसान कर देते हैं।

आज के समय में सोलो डाइनिंग यानी अकेले बाहर खाना खाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। पहले अकेले बाहर खाना खाने को लेकर लोगों में हिचकिचाहट थी। मगर वक्त के साथ-साथ अब यह सब भी खत्म हो गया और अब यह एक नया ट्रेंड बन चुका है। सोलो डेट न सिर्फ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, बल्कि खुद से प्यार करने का एक तरीका भी है।

सोलो डाइनिंग में आप खुद से प्यार करते हैं और अपनी पसंदीदा डिश के साथ कुछ पल इंजॉय करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सोलो डेट प्लान कर रहे हैं, तो यह काम हम आपके लिए आसान कर देते हैं। आइए जानते कि आप इसे कैसे प्लान कर सकते हैं और किन जगहों पर डाइनिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

### क्यों करें सोलो डाइनिंग?

सोलो डाइनिंग को अपनाने के



कई फायदे हैं, जो न सिर्फ आपके खाने के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपके मानसिक और हेल्थ में भी सुधार लाते हैं। जब आप अकेले बाहर जाकर खाना खाते हैं, तो आप अपने फैसले खुद लेते हैं। इसके अलावा, अकेले बाहर जाने से आप नए कैफे, रेस्टोरेंट और खाने के नए एक्सपीरियंस से रूबरू हो सकते हैं।

### कैसे करें सोलो डाइनिंग प्लान?

सोलो डाइनिंग हर जगह अच्छी नहीं लगती, कई जगहों पर ग्रुप या दोस्तों के साथ जाने में मजा आता है। इसलिए सोलो डाइनिंग के लिए जगह को सेलेक्ट करते वक्त ऐसी रेस्टोरेंट या कैफे का चुनाव करें, जहां का माहौल शांत और अच्छा हो। ऐसे कैफे या रेस्टोरेंट में जाकर आप अपने साथ वक्त बिता सकते हैं और खुद को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। वैसे तो ऐसे कई रेस्टोरेंट हैं जहां पर प्लान किया जा सकता है। मगर बेहतर होगा कि आप दिल्ली जैसे-कनॉट प्लेस, खान मार्केट, हौज खास या साकेत के कुछ बेहतरीन रेस्टोरेंट्स में जाकर आप अपने सोलो डाइनिंग को और भी यादगार बना सकते हैं। हालांकि, आपको रेस्टोरेंट्स डिसाइड करने से पहले बजट भी देखना होगा।

### रेस्टोरेंट या कैफे में रिजर्वेशन पहले से कर लें

जब आप सोलो डाइनिंग का प्लान बना रहे हों, तो यह बेहद जरूरी है कि आप पहले से ही अपनी टेबल बुक कर लें। पहले से रिजर्वेशन करने से आपको इंतजार नहीं करना पड़ेगा, जिससे आप अपना समय बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे। साथ ही, बिना किसी देरी के अपने सोलो डाइनिंग का आनंद उठा सकेंगे। इसके अलावा, अपनी डेट को और यादगार बनाने के लिए आप अपनी मनपसंद सीट को भी बुक कर सकते हैं।

### मेन्यू को पहले ही कर लें चेक

सोलो डाइनिंग का एक्सपीरियंस और भी बेहतर बनाने के लिए, रेस्टोरेंट के मेन्यू को पहले ही चेक कर लें। इससे आप पहले से ही जान सकते हैं कि वहां कौन-कौन से डिशेज मौजूद हैं, उनकी कीमतें क्या हैं और क्या वे आपकी पसंद और डाइटरी जरूरतों के हिसाब से हैं या नहीं।



